सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
19.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 09



12 आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना : कौशल

## न्यूज डायरी

### सूर्यकुमार यादव होंगे टी-20 के नये कप्तान

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ ने आगामी श्रीलंका दौरे को लिए गुरुवार को टीम की घोषणा कर दी है। भारत को श्रीलंका के खिलाफ 3 टी-20 और 3 वनडे खेलने हैं। दायें हाथ के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भारत के नये टी-20 कप्तान होंगे। वह टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा की जगह लेंगे।

### बोकारो में गोली मार कर एक की हत्या

**बोकारो।** अपराधियों ने गुरुवार को अंधाधुंध फायरिंग कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पांच अपराधियों ने करीब एक दर्जन से अधिक राउंड फायरिंग की है। मृतक की पहचान शंकर रवानी के रूप में हुई है। वह भी हत्या के एक मामले में आरोपी भी था।




# फिर ट्रेन हादसा, चार की मौत

## पायलट का दावा-हादसे के पहले धमाके की आवाज, साजिश की आशंका

### यूपी के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बेपटरी उच्चस्तरीय जांच के आदेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन (15904) के 10 से 12 डिब्बे यूपी के गोंडा में पटरी से उतर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी तथा 20 अधिक यात्री घायल हैं। ट्रेन के लोको पायलट (त्रिभुवन) ने दावा किया कि उन्होंने हादसे से पहले धमाके की आवाज सुनी थी। इसके बाद अब रेलवे ने साजिश के एंगल से भी जांच शुरू कर दी है। यह



हादसा गोंडा-झिलाही के बीच पिकौरा के पास हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी है। सभी मृतकों और घायलों को बाहर निकाला जा चुका है। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। रेलवे ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह हादसा दोपहर करीब 2:35 बजे हुआ। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने रेल हादसे की जानकारी ली और अधिकारियों को हादसा स्थल पर भेजा। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### मुआवजे की घोषणा

रेल मंत्रालय ने मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे का भी ऐलान कर दिया है। रेलवे ने बताया कि मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गयी है। सीआरएस जांच के अलावा, उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये गये हैं। **हेल्पलाइन नम्बर जारी :** यूपी के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि हादसे में 20 अन्य लोग जख्मी हुए हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## नीट-यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार पुलिस से मांगी रिपोर्ट

# 22 को फिर सुनवाई, 20 तक एनटीए रिजल्ट अपलोड करे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को 20 जुलाई दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्रवार और शहरवार परिणाम ऑनलाइन सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने एनइइटी परीक्षा के आयोजन और उसे रद्द करने में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली करीब 40



याचिकाओं पर सुनवाई पर ये आदेश दिये। शीर्ष कोर्ट में अब इस मामले पर सुनवाई 22 जुलाई को फिर से शुरू करेगा। अदालत ने पेपर लीक मामले के संबंध में बिहार पुलिस और उसकी आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) की रिपोर्ट की प्रति मांगी। तीन जजों की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, हम बिहार पुलिस की रिपोर्ट की एक प्रति चाहते हैं।

**एनटीए पर कई सवाल दागे :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एनटीए पर कई सवाल दागे। एनटीए ने सुधार विंडो के दौरान केंद्र परिवर्तनों को ट्रैक करने की चुनौती पर प्रकाश डाला।


(शेष पेज 11 पर)

# रिम्स की बदलेगी तस्वीर सीएम ने दिये दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने रांची के रिम्स के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी सीएम को दी। सीएम ने रिम्स के विकास को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये।

**समस्याएं सुनी:** वहीं दूसरी ओर सीएम गुरुवार को अपने आवास पर आये लोगों की समस्याएं सुन



सुनी। साथ ही त्वरित समाधान का भरोसा दिया। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग समस्या ले कर पहुंचे थे।

(शेष पेज 11 पर)

### अमित शाह कल रांची में करेंगे चुनावी शंखनाद

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 जुलाई को रांची पहुंच रहे हैं। श्री शाह धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान में आयोजित विस्तारित कार्य समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं में चुनावी जोश भरेंगे। श्री शाह विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। साथ ही संगठनात्मक मजबूती के लिए सभी बड़े नेताओं के साथ बैठक भी करेंगे। चुनाव की आहट के बीच भाजपा नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने में पहले से जुटे हैं।

## संथाल में डेमोग्राफी चेंज पर जवाब से कोर्ट खफा

# उपायुक्तों को शपथ पत्र देने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के संथाल इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ से डेमोग्राफी के प्रभावित होने का मामला गहराता जा रहा है। अब यह मामला राजनीतिक खींचतान के दायरे से बाहर निकलकर हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है। बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन सारंगी और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने



कनीय अफसरों के जवाव देने पर कड़ी नाराजगी जतायी है। कोर्ट ने पूछा कि पिछली सुनवाई में संथाल के सभी छह जिलों के उपायुक्तों को शपथ पत्र के जरिये रिपोर्ट मांगी गयी थी, तो फिर उनकी जगह कनीय पदाधिकारियों ने कैसे रिपोर्ट दे दी। यह कहते हुए खंडपीठ ने कनीय पदाधिकारियों के शपथ पत्र को खारिज कर दिया। साथ ही संथाल परगना प्रमंडल के दुमका, पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, देवघर और गोड्डा के डीसी को फ्रेश शपथ पत्र दायर करने को कहा है।

झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने निर्देश दिया था कि संबंधित छह राज्यों के डीसी और एसपी की रिपोर्ट को खुद मुख्य सचिव खुद मॉनिटर करेंगे, लेकिन शपथ पत्र को डीसी के बजाये कनीय पदाधिकारियों के हवाले से दायर कर दिया गया।

(शेष पेज 11 पर)

### मैक्लुस्कीगंज में मुंशी की गोली मार कर हत्या

**रांची।** रांची के मैक्लुस्कीगंज में उग्रवादियों के द्वारा सड़क निर्माण कर रही कंपनी की साइट पर गोलीबारी की गयी। गोली लगने से मुंशी भूपेंद्र यादव की मौत हो गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल और खलारी डीएसपी मौके पर कैंप कर रहे हैं। मंगलवार को भी उग्रवादियों ने मजदूरों के साथ मारपीट की थी। इसके बाद पुल निर्माण में लगी कंपनी के द्वारा पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी थी। पुलिस सुरक्षा देती, उससे पहले गुरुवार की दोपहर उग्रवादियों ने मुंशी की हत्या कर दी।



**विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण**

# खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की शिकायत पर पांच डीलरों को शोकॉज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की मिल रही शिकायत पर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, रांची मोनी कुमारी द्वारा गुरुवार को अनुभाजन क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। वार्ड संख्या-02 के जन वितरण प्रणाली दुकानों में वेइंग मशीन पर अलग से वजन (बटखरा) रख कर कम वजन कर खाद्यान्न की आपूर्ति एवं किसी को सिर्फ गेहूं तो किसी को सिर्फ चावल देने की शिकायत प्राप्त हुई थी।



विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी द्वारा विनोद कुमार सिंह (अनुज्ञप्ति सं°-119/87), कलावती देवी (अनुज्ञप्ति सं-02/17) शकुंतला देवी (अनुज्ञप्ति सं°-46/2018) के दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। एसओआर द्वारा तीनों डीलरों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

औचक निरीक्षण के दौरान पंकज कुमार (अनुज्ञप्ति सं-34/2018), प्रदीप कुमार शर्मा (अनुज्ञप्ति सं-25/2018) की दुकानें बंद पायी गयी। इन दोनों से भी स्पष्टीकरण की मांग की गयी, संतोषप्रद स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

# झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस बने सुजीत नारायण प्रसाद, अधिसूचना जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना केंद्रीय कानून मंत्रालय ने जारी कर दी है। दरअसल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाडंगी 20 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। शुक्रवार को उनका अंतिम कार्य दिवस है। जब तक नये चीफ जस्टिस की घोषणा नहीं हो जाती है तब तक अदालत के सबसे सीनियर जज सुजीत प्रसाद कार्यभार संभालेंगे।



**20 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी :** गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी ने मुख्य न्यायधीश के रूप में शपथ ली थी। 20 जुलाई को वह रिटायर हो रहे हैं। 19 जुलाई को हाईकोर्ट परिसर में उन्हें विदाई दी जाएगी। इससे पहले ओड़िशा हाईकोर्ट में न्यायधीश थे। उन्होंने लंबे समय तक ओडिशा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस की है। 20 जुलाई 1962 को ओड़िशा के में जन्मे डॉ वीआर सारंगी ने बीजेबी कॉलेज भुवनेश्वर से कॉमर्स में स्नातक की पढ़ाई की। इसके बाद उत्कल यूनिवर्सिटी के एमएस लॉ कॉलेज कटक से एलएलबी ऑनर्स गोल्ड मेडल के साथ पास किया।

## एमएस रामचंद्र राव हो सकते हैं नये चीफ जस्टिस

झारखंड हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस के तौर पर एमएस रामचंद्र राव का नाम सबसे आगे चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट की कोलेजियम ने इसकी सिफारिश कर दी है। लेकिन अभी तक राष्ट्रपति ने इस पर अपनी मुहर नहीं लगायी है। फिलहाल वह हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस हैं।

**कौन हैं सुजीत नरायण प्रसाद :** सुजीत नारायण प्रसाद का जन्म 20 जून 1967 को हुआ था। उन्होंने एमए करने के बाद एलएलबी की पढ़ाई की। उन्होंने हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में साल 2014 में शपथ ली थी। इसके बाद उनका स्थांतरण ओड़िशा हाईकोर्ट में कर दिया गया। इसके बाद 22 नवंबर 2018 को फिर से झारखंड हाईकोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। वह ओड़िशा हाईकोर्ट के ज्यूडिश्यल एकेडमी के सदस्य भी रह चुके हैं।

## फुटपाथ दुकानदारों से निगम टीम आज लेगी सहमति पत्र

**रांची।** लालपुर-कोकर मार्ग पर सड़क किनारे दुकानें नहीं लगाने के लिए नगर निगम दुकानदारों से शुक्रवार को सहमति पत्र लेगा। इसके लिए निगम के कर्मचारी डिस्टिलरी पुल के पास सब्जी मार्केट शेड में वेंडरों के साथ बैठक करेंगे। सहमति पत्र लेने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में निगम ने इस मार्ग में लगने वाली दुकानों का सर्वे कराया था। इस सूची से निगम प्रशासक को सौंपी गई लिस्ट से मिलान किया जाएगा। इसके बाद सहमति पत्र लेने का काम पूरा किया जाएगा। बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर तीसरे दिन शुक्रवार को भी लालपुर-कोकर मार्ग पर दुकानें नहीं लगने दी गईं। साउंड सिस्टम से वेंडरों को को दुकान लगाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### तीसरे दिन भी सुगम रही यातायात

इस मार्ग पर दुकानें नहीं लगने से तीसरे दिन भी यातायात व्यवस्था काफी बेहतर रही। व्यस्त समय में भी इस मार्ग पर जाम नहीं लगा। लोगों ने भी कहा कि सड़क पर दुकानें लगने से ही जाम लगता है।

### गलियों में फल-सब्जी होती रही बिक्री

सब्जी-फल बेचने वालों ने गलियों में शुक्रवार को दुकानें लगाईं। वेंडर पीएंडटी कॉलोनी रोड, पीस रोड, पीस रोड बाईलेन में चोरी-छिपे सामान बेचते रहे।

## झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ सांकेतिक हड़ताल पर

**रांची।** वादा निभाओ, स्थाई करो अभियान के तहत गुरुवार से झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ सांकेतिक हड़ताल पर चले गये हैं। राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में सभी मनरेगा कर्मी धरना पर बैठ कर अपना रोष जता रहे हैं। संघ के मुताबिक, विभाग और सरकार हड़ताल को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकारियों के माध्यम से मनरेगा कर्मियों को बरगलाने, धमकाने और सामग्री मद में राशि देकर संघ को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संघ के एस प्रमाणिक के अनुसार सभी मनरेगा कर्मी इस बार कमर कस कर हड़ताल पर उतरे हैं। जो भी समस्या आएगी, सभी मिल कर उसका सामना करेंगे। एस प्रमाणिक ने कहा है कि लगातार 17 वर्षों से मनरेगा कर्मियों को सरकार ने ठगने का काम किया है। उच्च न्यायालय के आदेश को भी खारिज कर दिया गया। सरकार द्वारा विकास अयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमिटी की रिपोर्ट भी 5 वर्षों में नहीं आयी है जो स्पष्ट करता है कि सरकार की मंशा साफ नहीं है। आज राज्य में मनरेगा में कार्यरत मजदूरों की संख्या 50 प्रतिशत घट गया है। कई जिलों में आज डिमांड शून्य है। शुक्रवार को भी इसमें भारी गिरावट की संभावना है। बिरसा हरित आम बागवानी, बिरसा संवर्धन सिचाई कूप और अबुआ आवास के कार्य पर सीधा असर होता दिखाई दे रहा है।

# अनगड़ा से मुरी तक सड़क चौड़ीकरण को प्राथमिकता दे विभाग : डॉ राकेश किरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने गुरुवार को पथ निर्माण विभाग के रांची जिला (ग्रामीण) के कार्यपालक अभियंता जीतेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात कर रांची-पुरुलिया मुख्य पथ (एस.एच.-01) के अनगड़ा से मुरी तक के सड़क का चौड़ीकरण कर यथाशीघ्र फोरलेन बनाने के लिए मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने विभाग के अभियंता से कहा यह सड़क आवागमन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। नामकुम से अनगड़ा तक की सड़क चौड़ीकरण होने से वहां की जनता प्रसन्न है, परंतु अनगड़ा के आगे मुरी तक का कार्य नहीं हो पाने के कारण राजाडेरा, जोन्हा, बरवादाग, कुलसुद, बुढ़ाम, सिल्ली एवं मुरी के आस पास रहने वाली आबादी



मायूस है तथा इससे क्षेत्र का विकास भी अवरुद्ध हो रहा है।

कार्यपालक अभियंता ने जिलाध्यक्ष डॉ महतो की मांग पर कहा कि जल्द ही इस सड़क के शेष बचे भाग को भी पूर्ण किया जायेगा। इसके लिए विभाग की ओर प्राकल्लन भी बना लिया गया है एवं स्वीकृति के लिए राज्य सरकार के पास भेज दिया गया है। जल्द ही इस सड़क को भी चौड़ीकरण कर फोरलेन बना दिया जायेगा।

अभियंता जीतेन्द्र कुमार सिंह के बातचीत के क्रम में जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने जिला की अन्य महत्वपूर्ण सड़कों एवं पुलों के भी निर्माण में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान राज्य सरकार गांव से लेकर शहर तक कनेक्टिविटी बढ़ाने में बेहद गंभीर है। यही वजह है कि जहां राजधानी में रिंग रोड और फ्लाईओवर निर्माण में तत्परता दिखाई देता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित हो रही हैं जो सरकार के लिए सराहनीय है।

इसके तहत बन्ता-राहे-बुण्डु पथ का चौड़ीकरण कार्य। झारखंड मोड़, सिल्ली से गोला पथ चौड़ीकरण कार्य। सिल्ली-बन्ता-टिकर-रांगामाटी सड़क का निर्माण कार्य। हाहे-राहे पथ में गुंगा नाला पर पूल निर्माण कार्य, एवं हुंडरु से मुनगाडीह तक पथ निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन रांची जिला में सड़कों का जाल बिछा रही है ताकि जनता को आवागमन में सुविधा हो।

## रिम्स के डॉक्टरों ने की सर्जरी, ब्रेस्ट से 10.6 किलो का ट्यूमर किया अलग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स के सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने 60 वर्षीय महिला के ब्रेस्ट से 10.6 किलो के ट्यूमर की सफल सर्जरी की है। वह पिछले 15 वर्षों से इस बीमारी से ग्रसित थी। कुछ दिन पहले उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। उसकी उम्र और कई हृदय संबंधी समस्याओं के कारण यह सर्जरी रिस्क वाला था। इसके बाद भी डॉक्टरों ने हार नहीं मानी। डॉ शीतल मलुआ के मार्गदर्शन में सर्जरी और एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टरों ने उनकी सफल सर्जरी की। सर्जरी करने वाली टीम में डॉ। कृष्ण मुरारी, डॉ. खुशबू रानी, डॉ जेनिथ एच केरकेप्ता, डॉ अभिषेक साओ और डॉ नेयाज शामिल थे। वहीं एनेस्थीसिया टीम में डॉ विश्वनाथ, डॉ भारती और डॉ प्रियंका शामिल थीं। सर्जरी के बाद मरीज की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। यह सफल सर्जरी रिम्स की मेडिकल टीम की स्पेशलाइजेशन के कारण हो पाया। वहीं ऐसे मरीज जो निराश हो चुके है उनके लिए किसी किरण से कम नहीं है।

**खबर एक नजर में**

### एक माह में 184000 हजार मोबाइल उपभोक्ता बढ़े

**रांची।** टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी (ट्राई) की ओर से गुरुवार को मई 2024 का कंज्यूमर मार्केट शेयर के आंकड़े जारी किए गए। रिपोर्ट के अनुसार मई में झारखंड-बिहार में एक लाख 84 हजार 11 नए उपभोक्ता मोबाइल बढ़े हैं। बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या एक माह में 12 हजार 248 बढ़ी है। अप्रैल में कंपनी के पास 52 लाख 43 हजार 821 ग्राहक थे, जो मई में बढ़कर 52 लाख 56 हजार 69 हो गए। साथ ही जियो के ग्राहकों की संख्या भी बढ़ी है। कंपनी के पास अप्रैल में 4 करोड़ 14 लाख 99,744 ग्राहक थे, जो बढ़कर 4 करोड़ 16 लाख 87,594 हो गए।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार कर दें कड़ी सजा : आरती कुजूर

**रांची।** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में गुरूवार को एक प्रतिनिधिमंडल गोंदा थाना पहुंच कर सामूहिक दुष्कर्म की घटना की जानकारी प्राप्त की। भाजपा नेत्रियों ने थाना प्रभारी से सभी अभियुक्तों को त्वरित गिरफ्तार करने, नाबालिक बच्ची और उसके परिवार को सुरक्षा देने, पीड़िता को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। आरती कुजूर ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की चीज खत्म हो गई है। लगातार झारखंड में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना बढ़ी है। इटकी, मधुपुर, दुमका की घटनायें ध्वस्त कानून-व्यवस्था की कहानी कह रही है। लेकिन, सीएम हेमंत सोरेन मौन हैं। प्रतिनिधि मंडल में आरती कुजूर, मंजुलता दुबे, माया सिंह सिसोदिया, अमिता भाटिया, पूजा सिंह, लक्ष्मी कुमारी, बबली कुमारी शामिल थे।

# भाजपा नेताओं के बयान से हवा में जहर की बू : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की सत्तारूढ़ सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के बड़े नेताओं पर राज्य की शांत माहौल को खराब करने और यहां की हवा में जहर घोलने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय में केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा के जो भी बड़े नेता झारखंड आ रहे हैं, वह सभी इन दिनों सिर्फ दो ही बातें करते हैं, पहला घुसपैठिये की और दूसरा मदरसे की।

झामुमो नेता ने कहा कि झारखंड में भाजपा की मुद्दाविहीन और तर्कविहीन सोच उजागर हो गया है। एक ओर प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विश्वास और सबका



विकास की बात करते हैं तो पश्चिम बंगाल के उनकी ही पार्टी के बड़े नेता इसके उलट कहते हैं कि जो भाजपा के साथ सिर्फ उसका विकास। झामुमो नेता ने कहा कि 20% आबादी वाली कौम को भाजपा प्रतिनिधित्व भी नहीं देना चाहती, यह कौन सा 'सबका साथ और सबका विश्वास' है। अब तो भाजपा में अल्पसंख्यक मोर्चा समाप्त करने की भी बात होने लगी है।

**सबसे अधिक घुसपैठिए त्रिपुरा के रास्ते करते हैं देश में प्रवेश, वहां 08 वर्षों से भाजपा का राज :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के नेता अक्सर घुसपैठिए और मदरसों को बंद करने की बात करते हैं। उन्हें इसका जवाब देना चाहिए की क्या यह सच नहीं है कि सबसे अधिक घुसपैठ त्रिपुरा में होता है, जहां 8 वर्षों से भाजपा का शासन है। इसी तरह देश में 10 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का शासन है और बीएसएफ का कमान केंद्रीय गृह मंत्रालय के हाथ में होता है।

**उत्तर प्रदेश में 16 हजार से अधिक मदरसे :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रिया भप्ताचार्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 16513 मान्यता प्राप्त और 8449 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे हैं, जबकि 558 मदरसे सरकारी मदद से चल रहे हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश में 2650 मदरसे राज्य सरकार के मदद से चल रहे हैं। जबकि 1600 मदरसे केंद्र सरकार की मदद से चल रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुसार गुजरात में 1130 मदरसा बिहार में 88 मदरसे बिहार सरकार की मदद से और 2059 मदरसे मदरसा बोर्ड द्वारा संचालित किया जा रहे हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के नेताओं से पूछा कि जिन राज्यों में कितनी बड़ी संख्या में मदरसे चल रहे हैं, वहां लंबे दिनों से किसकी सरकार है? यह उन्हें बताना चाहिए। क्योंकि इन्हीं राज्यों से आकर भाजपा नेता झारखंड आकर यहां मदरसे को बंद करने की मांग करते हैं जबकि राज्य में 186 मदरसे ही चल रहे हैं। जेएमएम नेता ने कहा कि क्या राज्य के मदरसों में कुछ आपत्तिजनक चीज मिला है, जिसकी वजह से भाजपा में नेता मदरसा को बंद करने की बात कर रहे हैं।

### बाबूलाल मरांडी झारखंड में भाजपा की ओर से सीएम पद का चेहरा नहीं होंगे

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी राज्य में मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं होंगे। ऐसे में भाजपा को बताना चाहिए कि राज्य में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा भी बेरोजगार हो गए हैं। राज्य के एक और बड़े नेता ओडिशा में बड़े संवैधानिक पद पर विराजमान हैं, जिनके बेटे पर एक दलित अफसर को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं को ज्यादा सजग रहने की जरूरत

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ने कहा कि भ्रष्टाचार पर भाजपा को बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। क्योंकि छगन भुजबल, प्रफुल्ल पटेल, अनिल देशमुख से लेकर कई आरोपी नेता आज भाजपा के में है। उन्होंने कहा कि राज्य में घृणा का बीज बोया जा रहा है ऐसे में सभी राज्यवासियों को जहां सजग रहने की जरूरत है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं से उनकी खास अपील है कि वह ज्यादा सचेत और सजग रहें, क्योंकि हम सबको यहीं झारखंड की धरती पर आपस में मिलजुल कर रहना है। इसलिए आप लोग नफरत फैलाने वालों से ज्यादा सावधान रहें।

**नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार**

# उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम : डे-एनएलयूएम के लिए झारखंड को मिला स्पार्क और प्रेज अवार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से गुरुवार को इंडिया हैबिटैट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम का आयोजन किया गया। इसमें डे-एनएलयूएम (दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन) में बेहतर प्रदर्शन के लिए झारखंड को स्पार्क (सिस्टमैटिक प्रोग्रेसिव एनालिटिकल रियल टाइम रैंकिंग) अवॉर्ड मिला है। यह अवॉर्ड वर्ष 2023-24 के लिए दिया गया है। इसके साथ ही मेदनीनगर नगर निगम को परफॉर्मेंस रिकॉग्निशन फॉर एसेस टू फिनांसियल इनक्लूजन एंड स्ट्रीट वेंडर इम्पावरमेंट (प्रेज) अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड वित्तीय समादेश




के तहत स्ट्रीट वेंडरों के सशक्तिकरण श्रेणी में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सेकेंड अवार्ड दिया गया। दोनों अवार्ड नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनोहर खप्तर ने राज्य के नगर विकास सचिव अरवा राजकमल को दिया।

बताते चलें कि डे-एनएलयूएम के तहत राज्य के कई शहरों में बेहतर काम किया गया है। शहरी बेघरों के लिए विभिन्न शहरों में कुल 56 आश्रयगृहों का निर्माण किया गया है। पूरी तरह से निशुल्क आश्रयगृहों में बेघरों के लिए सभी तरह की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा फुटपाथ विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट भी तैयार किया गया है। वर्तमान में शहरों के विभिन्न रिहायशी इलाकों में फुटपाथ विक्रेताओं के लिए छोटे-छोटे मार्केट विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है। डे-एनएलयूएम का लक्ष्य शहरी गरीबों का जीवनस्तर उठाने के लिए स्वरोजगार और कुशल मजदूरी रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

**दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन टीम को बधाई**

दोनों पुरस्कार प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार की ओर से नगर विकास सचिव अरवा राजकमल, मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हसन, अंशु कुमारी, सहायक निदेशक, अभिलाषा कुमारी, सहायक निदेशक, संतोषनी मुर्मू, सहायक प्रशासक, धनबाद नगर निगम, नगर मिशन प्रबंधक सतीश कुमार एवं अभिषेक कुमार तथा धनबाद नगर निगम के स्वयं सहायक समूह की महिला एवं पथ विक्रेताओं के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस सम्मान के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग ने पूरे दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन टीम को बधाई दी है।

## जातीय सर्वेक्षण कराने और ओबीसी स्वतंत्र मंत्रालय का गठन करने को सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का एक डेलिगेशन गुरुवार को राज्य की कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय से मिला। उनसे मिलकर विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य में जातीय सर्वेक्षण करने का कार्य प्रारंभ करने, अधिसूचित 7 जिले में ओबीसी आरक्षण लागू करने, ओबीसी स्वतंत्र मंत्रालय गठन करने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने तथा ओबीसी समुदाय को सीएनटी एक्ट से अलग करने या उन्हें विशेष सुविधा देने को मांग पत्र सौंपा। मौर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मंत्री ने राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के मांगों पर गंभीरता से विचार करने और इसे लागू करने हेतु कैबिनेट में भी चर्चा करने साथ नेतृत्व से मिलकर समाधान करने का आश्वासन दिया है।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मंत्री से कहा के राज्य सरकार ओबीसी के आरक्षण बढ़ाने के लिए गंभीर नजर आती है लेकिन परिणाम नहीं मिल रहा है। ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव को महामहिम



राज्यपाल ने वापस किया है इसे विधानसभा चुनाव से पूर्व लागू की जाए। तथा साथ अनुसूचित जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है इसे अभिलंब सुधार कर जनसंख्या अनुपात में लागू की जाए या जिला स्तरीय रोस्टर को समाप्त करते हुए राज्य स्तरीय रोस्टर लागू की जाए। श्री गुप्ता ने कहा कि ओबीसी समुदाय के कई जातियां सीएनटी एक्ट में शामिल हैं।उन्हें समय-समय पर भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समाधान के लिए सरकार या तो सीएनटी से ओबीसी के जातियों को बाहर करें या उन्हें आर्थिक संकट में विशेष सुविधा दी जाये। मांग पत्र सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल, दिलीप वर्मा प्रभात शर्मा, दीनानाथ प्रसाद प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## लाभुकों को खाद्यान्न के साथ नमक-चीनी न देने पर होगी कार्रवाई

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य निगम के बुंडू एवं तमाड़ में गोदाम और कई पीडीएस दुकानों का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया गया। रांची जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जेएसएफसी के जिला प्रबंधक प्रदीप भगत ने तमाड़ में बलराम मुंडा एवं बुंडू में प्रभु मुंडा के अलावा जय चाला महिला समिति की पीडीएस दुकान की जांच की। दुकानदारों को उन्होंने समय पर खाद्यान्न का उठाव कर लाभुकों को अनाज देते समय ही नमक एवं चीनी देने को कहा। इससे पूर्व डीएसओ ने भंडारण और पंजी का मिलान किया। डीएसओ ने तमाड़ प्रखंड के डोर स्टेप डिलेवरी अभिकर्ता के वाहनों की भी जांच की। वाहन में जीपीएस तो लगा मिला, लेकिन रिचार्ज न होने से वह काम नहीं कर रहा था। जिन वाहनों पर जन वितरण प्रणाली का खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का प्रिंटेड बैनर, सामने और अगल-बगल में बड़े अक्षरों में लिखा हुआ अनिवार्य स्टीकर नहीं पाया गया। इस पर डीएसओ ने अभिकर्ताओं को फटकार लगायी।

# घुसपैठिया और डेमोग्राफी बदल जाने का हौवा खड़ा करना भाजपा का चुनावी राग : माकपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीपीएम राज्य सचिवमंडल ने बयान जारी कर कहा है कि पिछले कई दशकों से संताल परगना क्षेत्र में विशेष कर साहेबगंज और पाकुड़ जिले में संघ परिवार के विभिन्न समुहों द्वारा एक सुनियोजित तरीके से बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला उछाला जाता रहा है। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तब से यह मुद्दा और जोर - शोर से उठाना शुरू हो गया है। अब इस कोरस में नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बाद झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त किए गए सह संयोजक असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व सरमा जो विषवमन के लिए कुख्यात हैं, शामिल हो गए हैं। झारखंड मे होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा इसे एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। इसकी झलक लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा केवल संताल परगना में ही नहीं बल्कि राज्य के कोल्हान क्षेत्र में दिए गए आक्रामक भाषणों में मिली। उन्होंने झारखंड में घुसपैठियों की बढ़ती तादाद का हौवा खड़ा करते हुए यहां की डेमोग्राफी (जनसांख्यकि) के बदल जाने की बात उछाल दी। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में यहां भाजपा का कद छोटा हो गया है। साथ ही झारखंड में आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी पांच लोकसभा सीटों पर भाजपा हार गयी है। यही नहीं विधानसभा में आदिवासियों के लिए आरक्षित कुल 28 सीटों में से उसे लोकसभा चुनाव में मात्र 5 पर ही बढत मिल सकी। इसलिए भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अब मनगढ़ंत आंकड़ों का सहारा लेकर कथित घुसपैठ को आदिवासियों से जोड़ कर अपने आकाओं के बेसुरे राग की ही जुगलबंदी कर रहे हैं।

**पुरे देश के देशभक्त नागरिकों को भाजपा :** आरएसएस द्वारा सुनियोजित तरीके से फैलाए जा रहे कथित 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' के नरेटिव के मकड़जाल को समझना जरुरी है। क्योंकि यह एक सोची समझी कार्ययोजना है। जिसका इस्तेमाल सांप्रदायिक धुव्रीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने और बांग्लाभाषी मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। अब इसे एक नया नाम "लैंड जिहाद" भी दे दिया गया है। झारखंड में भाजपा पोषित कुछ वेब पोर्टल और स्थानीय पब्लिक एप और यू ट्यूब चैनलों को खंगालें तब पता चलेगा की यह दूष्प्रचार संगठित रुप से फैलाया जा रहा है।

यदि प्रमाणित तथ्यों की बात की जाए तो केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर राज्य सरकार के गृह विभाग के विशेष शाखा ने संताल परगना प्रमंडल के सभी 6 जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को आज से एक वर्ष पूर्व एक सर्कुलर भेज कर बांग्लादेश से अवैध रूप से आए घुसपैठियों की तलाश कर उन पर कानूनी कार्रवाई किए जाने का आदेश दिया था। उस सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि इस इलाके में जितने भी मदरसे हैं और यहां पर अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित जितने भी शैक्षणिक संस्थान हैं उनकी जांच की जाए, क्योंकि " घुसपैठियों " का आधार कार्ड, वोटर कार्ड और भारत का नागरिक होने का प्रमाणपत्र बनाने में इन शैक्षणिक संस्थानों की ही प्रमुख भूमिका है। यह सर्कुलर जारी होने के बाद उपरोक्त 6 जिलों की पुलिस, जिला प्रशासन और इंटिलिजेंस ने सभी मदरसों और निजी शैक्षणिक संस्थानों का स्क्रीनिंग करने पर यह पाया कि सर्कुलर में उल्लेखित बात कोरी कल्पना पर आधारित है। साथ ही काफी जांच पड़ताल के बाद भी अबतक एक भी घुसपैठिया पुलिस को नहीं मिला है।

उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई को झारखंड हाई कोर्ट में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें यहां से निकाल बाहर करने की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि " संताल परगना क्षेत्र के सभी उपायुक्त आपसी सामंजस्य से बांग्लादेश की तरफ से आने वाले घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजने के लिए एक कार्ययोजना तैयार कर काम करें।" हाई कोर्ट के दो सदस्यीय बेंच के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण और जस्टिस अरुण कुमार ने राज्य सरकार को यह भी आदेश दिया कि वह एक शपथ-पत्र के माध्यम से दो सप्ताह के भीतर हाई कोर्ट में एक स्टेटस रिपोर्ट भी दाखिल करे। अब राज्य सरकार के स्टेटस रिपोर्ट का इंतजार है ताकि घुसपैठियों की क्या वास्तविकता है हाई कोर्ट इसकी पड़ताल कर सके।

## नीरजा सहाय डीएवी में वन महोत्सव मनाया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में गुरुवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी ग्रुप के सहायक क्षेत्रीय निदेशक एमके सिन्हा थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान द्वारा हुआ। कक्षा 11वीं की रितिक ने वृक्षों के महत्व पर भाषण दिया, तथा कक्षा आठवीं स की छात्रा रिया अपनी कविता में वृक्षों से होने वाले लाभों की जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों को अपने जन्म दिवस पर पौधे लगाने तथा अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने की सलाह दी। पौधारोपण कार्यक्रम महात्मा आनंद स्वामी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में संपन्न हुआ।

## हिंदू समाज को अल्पसंख्यक बनाने की हो रही साजिश : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने गुरूवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री प्रकाश मांडू विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा परिवार की नही बल्कि सभी वर्गों की पार्टी है। भाजपा का स्वरूप सर्व स्पर्शी और सर्व व्यापी है। उन्होंने कहा



कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी विश्राम नहीं लेना है। एक लक्ष्य पूरा हुआ है दूसरा अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में मजबूत सरकार बनाने के बाद अब झारखंड के गठबंधन सरकार को भी उखाड़ फेंकना है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने न केवल विकास को बाधित किया बल्कि राज्य की खनिज संपदा, जल, जंगल, जमीन को लूटने और लुटवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि अभी बेल पर छूटे है लेकिन, उन्हें भ्रष्टाचार की कोई शिकन तक नही है। उन्होंने कहा कि ठगबंधन सरकार ने आदिवासी, दलित, पिछड़े, युवा, महिला, किसान मजदूर सभी वर्ग को धोखा दिया। यह सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों का संरक्षण कर रही है। राज्य में पाकिस्तान जिंदाबाद, फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारा लगाने वाले निर्भीक हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। आदिवासी हिंदू समाज को अल्पसंख्यक बनाने, वजूद खत्म करने की साजिश कर रही राज्य सरकार। उन्होंने कहा कि ऐसी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद ही हम चैन की सांस लेने का संकल्प लें।

## अभिजीत चटर्जी हुए सम्मानित



**रांची।** कोयला नगर में चल रहे चार दिवसीय ऑल इंडिया सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीसीसीएल के रिटार्यर वरिष्ठ वित्त अधिकारी व प्रसिद्ध कलाकार अभिजीत चटर्जी को उनके विशिष्ट कला सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक राज सिन्हा, महेश बोदी, कांग्रेक नेता वैभव सिन्हा, ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के उत्तर प्रदेश प्रभारी अष्टभु निशी सहित अन्य कलाकार मौजूद थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के प्री-प्राइमरी वर्ग में मना येलो डे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी ग्रुप के छात्रों के लिए गुरूवार को येलो डे का आयोजन किया गया।

पीला रंग धूप, आशा और खुशी का रंग है, छात्र जब इस रंग के कपड़े पहन कर विद्यालय आये तो पूरे परिसर में खुशी का माहौल छा गया। इस अवसर पर आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। येलो थीम पर आधारित एक विशेष असेंबली का



भी आयोजन किया गया। बच्चों के लंच में फलों का राजा आम को शामिल किया गया तथा उन्होंने एक फिल्म भी दिखई गयी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए इस रंग के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह ताजगी, सकारात्मकता, बुद्धिमत्ता और खुशी का रंग है।

पीला रंग बुद्धि को उत्तेजित करता है तथा मन और शरीर को विषमुक्त करता है।

खबर एक नजर में

## भक्ति, सत्संग, सेवा, सुमिरन से ही जीवन होगा सफल : स्वामी सदानंद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सत्संग, सेवा, सुमिरन से ही मानव जीवन को हम उपयोगी बना सकते है। जीवन को सार्थक बना सकते हैं वरना यह जीवन तो पशुओं से भी खराब है, क्योंकि पशुओं का शरीर तो मरने के बाद भी काम में आता है लेकिन इस मानव जीवन का तो उपयोग मरने के पहले ही है,मरने के बाद तो इसकी कुछ भी कीमत नहीं होती है। ये बातें गुरूवार को श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज ने अपने शिष्यों एव श्रद्धालुओ को गुरू पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा किजब हम सत्संग में जाते हैं तो गुरुजनों के चरणों में जाते हैं। हमें वहा ज्ञान प्राप्त होता है और हमारे मन के विकार दूर होते हैं। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, सचिव मनोज कुमार चौधरी, बिजय अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, चिरंजीलाल खण्डेलवाल, शिव भगवान अग्रवाल, संजय सर्राफ, प्रमोद सारस्वत खंडेलवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, सुरेश अग्रवाल, जयप्रकाश मित्तल, मनीष जालान, सज्जन पाडिया,नन्द किशोर चौधरी, विशाल जालान, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह एव महिला समिति की विमला जालान, बिमला जालान, उर्मिला पाडिया, सीता शर्मा, अमिता जालान, सुनीता अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, पुनम अग्रवाल, सरीता अग्रवाल मनीषा जालान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## आंदोलनरत सहायक पुलिस कर्मियों को मिला जेबीकेएसएस का समर्थन

### देवेंद्रनाथ महतो ने किया है सीएम आवास घेराव का ऐलान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राज्य में विधानसभा चुनाव का अलर्ट जारी हो गया है। वही आंदोलन का सिलसिला भी जारी है। राज्य के सहायक पुलिसकर्मी अपने मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। पिछले 17 दिनों से सहायक पुलिसकर्मी अपने विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। इस आंदोलन को अब झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने अपना समर्थन का ऐलान किया है। गुरुवार जेबिकेसस केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने आंदोलन स्थल मोराबादी पहुंचकर सशरीर समर्थन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहां की समान काम के बदले समान दाम मिलना ही चाहिए। राज्य सरकार से उन्होंने अपील किया की सहायक पुलिस कर्मियों की मांगों पर अभिलंब विचार किया जाए। वही मीडिया वार्ता के दौरान देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि कल शुक्रवार को सीएम आवास का महा घेराव किया जाएगा। इस सीएम आवास घेराव को सफल बनाने के लिए राज्य के सभी आम आवाम से अपील भी किया। बताते चलें कि राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपना जान को जोखिम में डालकर पिछले 7 सालों से सेवा दे रहें हैं। लेकिन मानदेय में पिछले 7 सालों में 7 पैसा भी बढ़ोतरी नहीं हुआ है। अब तक 12 जवान कार्य के दौरान शहीद भी हो चुके हैं। आंदोलन के दौरान एक जवान का सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो चुका है। सहायक महिला पुलिस कर्मी को विशेष अवकाश तक का प्रावधान नहीं है। आंदोलन स्थल से श्री महतो ने कहा कि झारखण्ड सरकार द्वारा झारखंड के युवाओं का इस्तेमाल कर रही है, युवा पीढ़ी को धोखा दिया जा रहा है, बर्बाद किया जा रहा है, इसलिये सहायक पुलिस के हक के लड़ाई को जेबीकेएसएस कंधा से कंधा मिलाकर लड़ेगा।

## देशभर में 67 स्थानों पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का होगा आयोजन

**रांची।** हिंदू जनजागृति समिति की ओर से देशभर में 67 स्थानों पर, तथा झारखंड में 03 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गुरूवार को प्रेस बयान जारी कर हिन्दू जनजागृति समिति के पूर्व-पूर्वोत्तर भारत, राज्य समन्वयक शंभू गवारे ने दी। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई के दिन देशभर में 67 स्थानों पर तथा झारखंड रांची सहित 3 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है।

## श्रीराम टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज का फाउंडेशन डे मना

श्रीराम के नाम से फोटो संजीव मे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्रीराम टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज का 9वें स्थापना दिवस गुरूवार को मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरजीत सिंह ने दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अधिविध परिषद के अध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार महतो ने अपने संबोधन में झारखंड से जुड़ी प्राकृतिक विविधता से लेकर



भौगोलिक व भाषाई विविधता पर प्रकाश डालते हुए श्रीराम टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे सुद्दढ़ विकास की सराहना की तथा महाविद्यालय के उन छात्रों को भी स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया,जिनका चयन झारखंड राज्य मे स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक के रूप मे हुआ है। इस अवसर पर संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल के निदेशक पंकज राज एवं डीएवी आलोक के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, कॉलेज के डायरेक्टर राजीव रंजन सिन्हा तथा फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव परेश गप्तानी तथा करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो के प्रोफेसर इंद्र मोहन राय विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## रेलवे स्टेशन से 7 लाख 22 हजार का गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हटिया रेलवे स्टेशन से 7.22 लाख के गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार हुआ है। आरपीएफ ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी जानकारी कर बताया कि संबलपुर गोरखपुर एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान आरपीएफ को एक व्यक्ति पर शक हुआ, जिसके बाद उनसे पूछताछ की गयी। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित पाराशर बताया, जो कि उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। चेकिंग करने पर उसके बैग से गांजा बरामद किया गया। इस कार्रवाई में एक अन्य साथी विकास कुमार, जो कि बिहार का रहने वाला है, उसे भी दूसरी बोगी से पकड़ा गया। उसके पास भी गांजा बरामद किया गया है। गांजे के पैकेट वजन 14.4 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 7.22 लाख बतायी गयी। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि उसे गांजा को संबलपुर उड़ीसा से हटिया रांची लाया गया था। फिर इसे ऊंची कीमत पर उत्तर प्रदेश में बेचा जाना था।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एकदिवसीय कार्यशाला आज

### गिग अर्थव्यवस्था में संलग्न कामगारों की सामाजिक सुरक्षा एवं न्यूनतम वेतन विषय पर सेमिनार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से राज्य में गरिमामय कार्य को प्रोत्साहन देने के क्रम में गिग अर्थव्यवस्था में संलग्न कामगारों की सामाजिक सुरक्षा एवं न्यूनतम वेतन पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के तत्वावधान में एक दिवसीय परामर्श-कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सेमिनार का आयोजन स्थानीय रेडिसन ब्लू होटल में किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता करेंगे। उल्लेखनीय है कि गिग वर्कर्स के लिए उचित एवं न्यूनतम वेतन तय करने के उद्देश्य के साथ श्रमायुक्त , श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में गिग वर्कर्स द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक समिति गठित की गई थी। राष्ट्रीय श्रम मानकों के अनुसार उचित न्यूनतम वेतन निर्धारित करने के लिए राष्ट्रीय श्रम संगठन की तकनीकी सहायता के साथ न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड पहले से कार्यरत है एवं गिग वर्कर्स के लिए उचित न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की दिशा में बैठकें आयोजित की गई हैं। इस परामर्श कार्यशाला का उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए उचित न्यूनतम वेतनमान एवं सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा के माध्यम से राज्य केंद्रित नीति निर्माण को गति प्रदान करना है। यह कार्यशाला गिग अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों के लिए राज्य / राष्ट्रीय / विश्व स्तर पर उनके कार्य एवं अनुभवों पर आधारित अवसरों एवं चुनौतियों को साझा करने का अवसर है। साथ ही गिग अर्थव्यवस्था में गरिमामय कार्य पर उपलब्ध ज्ञान से अवगत होने का भी सुनहरा अवसर है।

## जमीन विवाद मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा

**रांची।** राजधानी रांची में जमीन विवाद के एक मामले में अरगोड़ा थाना में दर्ज कांड संख्या 52/23 में नितेश सोनी, जितेश सोनी (सोनू) पिता स्व. दिनेश सोनी, दोनों ओम अलंकार ज्वेलर्स कडरू के मालिक हैं, इनके विरुद्ध अरगोड़ा थाना में साकेत विहार हरमू थाना क्षेत्र अरगोड़ा के महेन्द्र कुमार पिता स्व. प्रयाग साव ने अरगोड़ा थाना में जमीन विवाद में उनकी जमीन में ताला तोड़कर अंदर तोड़ फोड़ एवं सामान चोरी करने एवं धमकी देने के संबंध में अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी के बाद गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर केंद्रीय कारा (होटवार) भेजा गया।

## रांची महिला कॉलेज में मतदाता निबंधन शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर गुरुवार को द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता निबंधन कैंप का आयोजन रांची महिला महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं को प्रपत्र-6 और प्रपत्र-8 के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रोफेसर इंचार्ज डॉ विनीता सिंह, ईसीआई नोडल पदाधिकारी डॉ प्रज्ञा गुप्ता, संस्कृत विभाग अध्यक्ष डॉ उषा किरण, दर्शनशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ आरती मोदक एवं अन्य उपस्थित थे।

### तीसरी आँख से होगी सबकी निगरानी, 21 जुलाई को होगा सावन महोत्सव का शुभारंभ

## पहाड़ी मंदिर विकास समिति का सावन महोत्सव को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकाश समिति की बैठक गुरूवार को सावन महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया की 21 जुलाई संध्या 4 बजे सावन महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही महिलाओं, बुजुर्गो एवं बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे पहाड़ी मंदिर परिसर में



सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। काँवरिया बन्धुओं के लिए शुद्ध पेयजल का व्यवस्था किया जायेगा एवं पूरे मंदिर परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष एनएन पांडेय, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, राजेश साहू, बादल सिंह, अरुण वर्मा, राजेन्द्र सिंह, दीपांकर कुमार, राज कुमार तलेजा, पलटू दादा, मंदिर के पुजारी कबीर बाबा, पिंटू बाबा, मनोज मिश्रा, दीपक नंदा, प्रदीप, बेबी आदि शिव भक्त मौजूद रहे।

## डॉ अशोक नाग ने बच्चों के बीच बांटे पौधे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पर्यवरणविद सह आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव डा अशोक कुमार नाग ने किड्जी स्कूल बरियातु में स्कूली बच्चों के बीच 200 से अधिक पौधों का वितरण किया।

इस अवसर पर स्कूल की शिक्षकों को भी पौधे दिये गए। डॉ नाग का स्वागत स्कूल के डायरेक्टर डा आशीष आलोक ने शॉल ओढ़ाकर किया। डॉ नाग ने पौधरोपण कार्यकम को आज की आवश्यकता बताया। हमें अपनी रांची और पृथ्वी को बचाने और अपने लिए पेड़ अवश्य लगाने चाहिये, नहीं तो अगली बार 50 डिग्री से अधिक तापमान होगा। छोटे बच्चे कल का भविष्य हैं और उन्हें जागरुक करना बहुत जरूरी है। अभी 5000 पेड़ और लगाये जायेंगे और लोगों को जागरुक किया जायेगा।

# स्वदेशी हथियार पर जोर

तकरीबन पांच साल में देश की रक्षा खरीद नीति में स्वदेशीकरण का बड़ा लक्ष्य तय किया गया। भारत समेत किसी भी देश में ऐसे प्रयास करने के लिए पर्याप्त वजह होती हैं। यह महत्त्वपूर्ण है, खासकर एक बढ़ती असुरक्षा वाले विश्व में जरूरी हथियारों और उन्हें चलाने वाले प्लेटफॉर्मों पर अधिकतम नियंत्रण आवश्यक है। हथियारों पर विदेशी मुद्रा खर्च करने में कमी लाना एक और वांछित परिणाम है। इस बात की भी पर्याप्त वजह हैं कि यह माना जाए कि घरेलू रक्षा क्षेत्र उन बेहतरीन क्षेत्रों में से एक है जो सरकार को घरेलू अर्थव्यवस्था में नवाचार बढ़ाने के लिए उत्साहित कर सकते हैं। इसके बावजूद रक्षा खरीद के स्वदेशीकरण को समय के साथ टिकाऊ बनाने के लिए निजी क्षेत्र को सही ढंग से साथ में जोड़ना होगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक देश का घरेलू रक्षा उत्पाद पिछले दो वित्त वर्षों से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है लेकिन निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी बमुश्किल एक चौथाई है और यह 2017-18 के स्तर के आसपास ही था। कई लोगों ने ध्यान दिया है कि लार्सन ऐंड टुब्रो जैसी कंपनियों ने हाल के समय में अपना रक्षा कारोबार बढ़ाया है लेकिन आंकड़े बताते हैं कि निजी क्षेत्र की ओर से ऐसा विस्तार देश के रक्षा उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी बरकरार रख पाने भर के लायक है। रक्षा उत्पादन का अधिकांश हिस्सा रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों से ही आ रहा है। स्पष्ट है कि मेक इन इंडिया की आकांक्षा है लेकिन हकीकत मेक इन पब्लिक सेक्टर ही है। यदि स्वदेशीकरण के माध्यम से निजी क्षेत्र को सही मायने में मजबूत बनाना है तो उन क्षेत्रों को चिह्नित करना होगा जहां सरकार को बदलाव करने की आवश्यकता है। रक्षा कारोबार में भारतीय कंपनियों को निवेश का सुरक्षित माहौल मुहैया कराया जाए।

# रिकार्ड बनाता सेंसेक्स


भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार चौथे दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के ऊपर पहुंचा। वहीं, निफ्टी 50 इंट्राडे कारोबार में 24,800 को पार कर गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 626.91 अंक या 0.78 प्रतिशत उछलकर 81,343.46 के नए रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 80,390.37 और 81,522.55 के रेंज में कारोबार हुआ।वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 187.85 अंक या 0.76 प्रतिशत बढ़कर 24,800.85 के नए शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 24,504.45 और 24,837.75 के रेंज में कारोबार हुआ।

रुपये में कमजोरी और जून तिमाही में देश की प्रमुख आईटी कंपनियों की मजबूत प्रदर्शन रिपोर्ट के बाद इस क्षेत्र के प्रति निवेशकों की आशा बढ़ी है। हालांकि, उच्च मूल्यांकन और क्षेत्रीय परिवर्तन के कारण व्यापक बाजार प्रमुख सूचकांकों से पिछड़ गया, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में निजी खपत में संभावित सुधारों से प्रभावित है। पिछले कारोबारी सत्र यानी मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। ठरए निफ्टी भी नए शिखर 24,600 के ऊपर पहुंच गया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर अपने अब तक के उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार की उच्चतम रिकार्ड में बाजार से सावधान रखने की आवश्यकता है और बजट के पूर्व सावधानी से शेयर बाजार में निवेश करना में ही होशियारी है।

# पर्यावरण अनुकूल सस्ती बिजली ही विकल्प



**- भरत झुनझुनवाला**

> सौर ऊर्जा को आगे बढ़ाने से इन दोनों के बीच रास्ता निकल सकता है। भारत सरकार ने इस दिशा में सराहनीय कदम उठाये हैं। अपने देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। विशेष यह कि सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का दाम लगभग तीन रुपये प्रति यूनिट आता है जबकि थर्मल बिजली का छह रुपये और जलविद्युत का आठ रुपये प्रति यूनिट। इसलिए सौर ऊर्जा हमारे लिए हर तरह से उपयुक्त है। यह सस्ती भी है।

तूफान, सूखा और कोविड जैसी समस्याओं से ग्रसित है। ये समस्याएं कहीं न कहीं मनुष्य द्वारा पर्यावरण में अत्यधिक दखल देने के कारण उत्पन्न हुई दिखती हैं। इस दखल का एक प्रमुख कारण बिजली का उत्पादन है। थर्मल पावर को बनाने के लिए बड़े क्षेत्रों में जंगलों को काट कर कोयले का खनन किया जा रहा है। इससे वनस्पति और पशु प्रभावित हो रहे हैं। जलविद्युत के उत्पादन के लिए नदियों को अवरोधित किया जा रहा है और मछलियों की जीविका दूभर हो रही है। लेकिन मनुष्य को बिजली की आवश्यकता भी है। अक्सर किसी देश के नागरिकों के जीवन स्तर को प्रति व्यक्ति बिजली की खपत से आंका जाता है। अतएव ऐसा रास्ता निकालना है कि हम बिजली का उत्पादन कर सकें और पर्यावरण के दुष्प्रभावों को भी सीमित कर सकें।

अपने देश में बिजली उत्पादन के तीन प्रमुख स्त्रोत हैं। पहला है थर्मल यानी कोयले से निर्मित बिजली। इसमें प्रमुख समस्या यह है कि अपने देश में कोयला सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमें दूसरे देशों से कोयला भारी मात्रा में आयात करना पड़ रहा है। यदि कोयला आयात करके हम अपने जंगलों को बचा भी लें तो आस्ट्रेलिया जैसे निर्यातक देशों में जंगलों के कटने और कोयले के खनन से जो पर्यावरणीय दुष्प्रभाव होंगे वे हमें भी प्रभावित करेंगे ही। कोयले को जलाने में कार्बन का उत्सर्जन भारी मात्रा में होता है, जिसके कारण धरती का तापमान बढ़ रहा है और तूफान, सूखा एवं बाढ़ जैसी आपदाएं उत्तरोत्तर बढ़ती ही जा रही हैं। बिजली उत्पादन का दूसरा स्त्रोत जल विद्युत अथवा हाइड्रोपावर है। इस विधि को एक साफ सुथरी तकनीक कहा जाता है चूंकि इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है। थर्मल पावर में एक यूनिट बिजली बनाने में लगभग 900 ग्राम कार्बन का उत्सर्जन होता है जबकि जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने में जो सीमेंट और लोहा आदि का उपयोग होता है, उसको बनाने में लगभग 300 ग्राम कार्बन प्रति यूनिट का उत्सर्जन होता है। जलविद्युत में कार्बन उत्सर्जन में शुद्ध कमी 600 ग्राम प्रति यूनिट आती है जो कि महत्वपूर्ण है। लेकिन जलविद्युत बनाने में दूसरे तमाम पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पड़ते हैं। जैसे सुरंग को बनाने में विस्फोट किये जाते हैं, जिससे जलस्त्रोत सूखते हैं और भूस्खलन होता है। बैराज बनाने से मछलियों का आवागमन बाधित होता और जलीय जैव विविधिता नष्ट होती है। बड़े बांधों में सेडीमेंट जमा हो जाता है और सेडीमेंट के न पहुंचने के कारण गंगासागर जैसे हमारे तटीय क्षेत्र समुद्र की गोद में समाने की दिशा में हैं। पानी को टर्बाइन में माथे जाने से उसकी गुणवत्ता में कमी आती है। इस प्रकार थर्मल और हाइड्रो दोनों ही स्त्रोतों की पर्यावरणीय समस्या है। सौर ऊर्जा को आगे बढ़ाने से इन दोनों के बीच रास्ता निकल सकता है। भारत सरकार ने इस दिशा में सराहनीय कदम उठाये हैं। अपने देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। विशेष यह कि सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का दाम लगभग तीन रुपये प्रति यूनिट आता है जबकि थर्मल बिजली का छह रुपये और जलविद्युत का आठ रुपये प्रति यूनिट। इसलिए सौर ऊर्जा हमारे लिए हर तरह से उपयुक्त है। यह सस्ती भी है और इसके पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी तुलना में कम हैं। लेकिन सौर ऊर्जा में समस्या यह है कि यह केवल दिन के समय में बनती है। रात में और बरसात के समय बादलों के आने-जाने के कारण इसका उत्पादन अनिश्चित रहता है। ऐसे में हम सौर ऊर्जा से अपनी सुबह, शाम और रात की बिजली की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते हैं।

इसका उत्तम उपाय है कि ह्यस्टैंड अलोन यानी कि स्वतंत्र पम्प स्टोरेज विद्युत परियोजनायें बनायी जाएं। इन परियोजनायों में दो बड़े तालाब बनाये जाते हैं। एक तालाब ऊंचाई पर और दूसरा नीचे बनाया जाता है। दिन के समय जब सौर ऊर्जा उपलब्ध होती है तब नीचे के तालाब से पानी को ऊपर के तालाब में पम्प करके रख लिया जाता है। इसके बाद सायंकाल और रात में जब बिजली की जरूरत होती है तब ऊपर से पानी को छोड़ कर बिजली बनाते हुए नीचे के तालाब में लाया जाता है। अगले दिन उस पानी को पुनः ऊपर पंप कर दिया जाता है। वही पानी बार-बार ऊपर-नीचे होता रहता है। इस प्रकार दिन की सौर ऊर्जा को सुबह, शाम और रात की बिजली में परिवर्तित किया जा सकता है।

विद्यमान जलविद्युत परियोजनाओं को ही पम्प स्टोरेज में ही तबदील कर दिया जाता है। जैसे टिहरी बांध के नीचे कोटेश्वर जलविद्युत परियोजनाओं को पम्प स्टोरेज में परिवर्तित कर दिया गया है। दिन के समय इस परियोजना से पानी को नीचे से ऊपर टिहरी झील में वापस डाला जाता है और रात के समय उसी टिहरी झील से पानी को निकाल कर पुनः बिजली बनाई जाती है। विद्यमान जल विद्युत परियोजनाओं को पम्प स्टोरेज में परिवर्तित करके दिन की बिजली को रात की बिजली में बदलने का खर्च मात्र 40 पैसे प्रति यूनिट आता है। इसलिए तीन रुपये की सौर ऊर्जा को हम 40 पैसे के अतिरिक्त खर्च से सुबह-शाम की बिजली में परिवर्तित कर सकते हैं। लेकिन इसमें समस्या यह है कि टिहरी और कोटेश्वर जल विद्युत परियोजनाओं से जो पर्यावरणीय दुष्प्रभाव होते हैं, वे तो होते ही रहते हैं। कुएं से निकले और खाई में गिरे। सौर ऊर्जा को बनाया लेकिन उसे रात की बिजले बनाने में पुनः नदियों को नष्ट किया।

इस समस्या का उत्तम विकल्प यह है कि हम स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजना बनाएं जैसा ऊपर बताया गया है। इन परियोजनाओं को नदी के पाट से अलग बनाया जा सकता है। किसी भी पहाड़ के ऊपर और नीचे उपयुक्त स्थान देख कर दो तालाब बनाये जा सकते हैं। ऐसा करने से नदी के बहाव में व्यवधान पैदा नहीं होगा। ऐसी स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजना से दिन की बिजली को रात की बिजली में परिवर्तित करने में अनुमान है कि तीन रुपये प्रति यूनिट का खर्चा आएगा।

अतः यदि हम सौर ऊर्जा के साथ स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजनाएं लगायें तो हम छह रुपये में रात की बिजली उपलब्ध करा सकते हैं जो कि थर्मल बिजली के मूल्य के बराबर होगा। इसके अतिरिक्त जब कभी-कभी अकस्मात ग्रिड पर लोड कम-ज्यादा होता है,

### खास बात

## इस्लामिक देश होगा अफगानिस्तान

**नागेन्द्र सिंह**

**अफगानिस्तान** में शांति कायम करने के लिए भले ही सरकार की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं और तालिबान से भी वार्ता की जा रही है, लेकिन कट्टरवादी संगठन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है। उलटे तालिबान का कहना है कि अफगानिस्तान में शांति के लिए इस्लामिक व्यवस्था ही एकमात्र रास्ता है। सरकार के साथ जारी बातचीत के बीच रविवार को तालिबान ने कहा कि हम शांति वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन देश में 'वास्तविक इस्लामिक व्यवस्था' ही एकमात्र रास्ता है, जिससे युद्ध समाप्त हो सकता है और लोगों को उनके अधिकार मिल सकते हैं। तालिबान ने कहा कि इस्लामिक सिस्टम के तहत ही महिलाओं को भी उनके अधिकार मिल पाएंगे।

तालिबान और अफगानिस्तान सरकार के बीच बीते कई महीनों से बातचीत चल रही है, लेकिन गतिरोध कायम है। इस बीच मई से अमेरिकी सैनिकों की वापसी जारी है और इसके चलते तालिबान ने हिंसा का तांडव शुरू कर दिया है। अफगानिस्तान में इस बात को लेकर भी लोग खौफजदा हैं कि यदि तालिबान की सत्ता में वापसी होती है तो इस्लामिक नियमों के नाम पर वह क्रूर अत्याचार शुरू कर सकता है। एक दौर में तालिबान ने लड़कियों की स्कूली शिक्षा पर रोक लगा दी थी। इसके अलावा किसी अन्य व्यक्ति से संबंध बनाने पर महिलाओं को पत्थरों से मारने जैसी क्रूर सजाएं दी जाती थीं। ऐसे में लोगों को डर है कि तालिबान यदि सत्ता में आता है तो एक बार फिर से वैसा ही दौर शुरू हो सकता है।

एक तरफ तालिबान की ओर से अफगानिस्तान में हिंसा की जा रही है तो वहीं उसके सह-संस्थापक मुल्ला अब्दुल गनी बारादर का कहना है कि हम शांति वार्ता को जारी रखना चाहते हैं। बारादर ने कहा कि हम बातचीत में लगातार शामिल हैं। यह इस बात का संकेत है कि हम आपसी समझ से सभी मुद्दों को सुलझाने के पक्ष में हैं। मुल्ला अब्दुल गनी ने कहा कि अफगानिस्तान में संघर्ष को खत्म करने का एक ही तरीका है कि इस्लामिक सिस्टम को स्थापित किया जाए और सभी विदेशी सैनिकों की वापसी हो।

# शिव प्रकृति पुरुष

### विचार-प्रवाह

**पंडित रामदेव पाण्डेय**

**शिव** की सवारी बैल हैं बैल धर्म का प्रतीक है इसके चार पैर है, कलियुग में धर्म के एक पैर ही है दान, आज लोग कहते हैं धर्म खतरे में है, पर धर्म न मरता है ,न मलिन होता है,धर्म शास्वत है,उसे कोई खतरा नहीं है, सत्य को कोई खतरा नहीं है ,हा खतरा है तो पन्थ को ,पथिक को,अधर्म को, पोंगा पन्थी को , सनातन दुब घास की तरह है, गर्मी के दिनो में दुब नहीं दिखता है, पर अन्य मोसम में अपने अमृतत्व से पल्लवित पुष्पित होते रहता है।

सतातन विज्ञान की कसोटी से कहा धर्म है जिसका मुल है शिव है जैसे अणु में तीन तत्व है प्रोटोन, इलेक्ट्रान और न्युटान वैसे ही शिव तत्व में सत,रज,तम समाया है यह त्रिगुणात्मक प्रकृति है , जो ब्रह्मा विष्णु, और महेश है इसकी स्त्री शक्ति सरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली? है, इस शक्ति का ही नाम ओम है , यही मुल प्रकृति है, पुरी संसार में यही तीन रज,सत,और तम प्रकृति के लोग हैं, इसी को बैलेंस करते हैं शिव जो अष्टधा प्रकृति है , गीता में कृष्ण ने कहा मुझे देवताओं में शिव जानो,यही पंच तत्व है जिसे सारी दुनिया बनी है।

जल, अग्नि,हवा,आकाश और वायु यही पंच देवता हैं , जिसे आपके हर शरीर का निर्माण हुआ है सभी देव इसी शरीर में है शिव भी अष्ट प्रकृति रुप में हमारे शरीर में बसते हैं उक्त बातें प रामदेव पाण्डेय ने चोथे दिन की कथा में कही हम इस शरीर में शिव शक्ति का चिन्तन करे तो हम शिव मय हो जाएंगे, दाहिने हथेली का मध्यमा उंगली को शिव स्वरूप मानकर सावन में घर ,यात्रा , अस्पताल में मे भी शिव की आराधना कर सकते हैं।

### कार्टून वर्ल्ड




साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉटकाम

### लेटर टू एडिटर

#### गलत भाषा

**हाल** ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। **– पूनम, रांची**

#### सावधानी आवश्यक

**अब** तीसरी लहर के कहर की बात हो रही है। किसान आंदोलन ने आम आदमी के दिमाग से कोराना का खौफ निकाल दिया था। वैक्सीन आने के बाद तो हमारा विश्वास और भी मजबूत हो गया कि कोराना हमारा क्या कर लेगा? बची-खुची कसर देश के निर्वाचन आयोग और नेताओं ने पूरी कर दी। मेडिकल साइंस लगातार कह रही है कि वैक्सीन के बाद भी सावधानी बरतें। **– रमाकांत, जमशेदपुर**

**भारत** मजबूत ग्रामीण खपत के कारण वित्त वर्ष 2015 के लिए 7% जीडीपी वृद्धि पूवार्नुमान के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

### आपके ट्वीट

कैमरून, साउथ अफ्रीका में फंसे 27 कामगारों का बकाया राशि लार्सेन एण्ड टुब्रो कंपनी द्वारा दे दी गई है एवं उनके भारत वापसी हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक, बिहार के पूर्व मंत्री और हमारे साथी श्री मुकेश सहनी जी के पिता श्री जीतन सहनी जी की निर्मम हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

**–राहुल गांधी, कांग्रेस**

# योगिक श्वसन से हो सकती है आयु में वृद्धि



**अनु अंबालिका**

**गर्भ** से बाहर आते ही शिशु स्वतंत्र जीव होता है । जीवन रक्षा के लिए उसे पहली बार श्वास लेनी पड़ती है ।पहली श्वसन क्रिया में उसे जो कष्ट और पीड़ा होती है, उसकी अभिव्यक्ति शिशु के प्रथम रुदन में सुनी जाती हैं। सांस लेने और छोड़ने का यह अनवरत क्रम मृत्यु पर्यंत चलता रहता है ।सांस का चलना ही जीवन की पहचान है । सांस का रुक जाना मृत्यु है ।

वायुमंडल में अनेक प्रकार के गैस, धुआं, पानी की वाष्प आदि सूक्ष्म कण पाए जाते हैं। इनमें से 15 - 20% ऑक्सीजन गैस होती है, यही प्राणवायु रक्त में मिलकर पूरे शरीर में दौड़ जाती है। रक्त हमारे प्रत्येक भाग तक पहुंचकर पोषक तत्व तथा उर्जा पहुंचाता है ।

श्वास नलिका वाला मार्ग दो श्वास नलिकाओं में विभाजित होकर सूक्ष्म नलिकाओं द्वारा दोनों फेफड़ों में वायु पहुंचाता है । दोनों फेफड़ों में लगभग 65 करोड प्रकोष्ठ होते हैं ।यदि इन सब को भरा जाए तो साढे छ लीटर आयतन की वायु इसमें समा सकती हैं ।उसके वायु में ऑक्सीजन का विच्छेदन तथा और अवशोषण किया जाता ।वायुमंडल में ऑक्सीजन की पूर्ति करते रहने की व्यवस्था प्रकृति में वृक्षों तथा सूर्य को सौंपी है ।सूर्य की रोशनी तथा ताप पाकर वृक्षों के पत्ते कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं तथा ऑक्सीजन को छोड़ते हैं।

पीपल, नीम, तुलसी और बङ के पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ते हैं । अतः श्वास रोगियों को इन वृक्षों के नीचे प्रतिदिन आधा घंटा बैठकर गहरी श्वास भरनी चाहिए । इस प्रकार किसी व्यक्ति द्वारा सांस लेने और छोड़ने की जो क्रिया होती है वह श्वसन क्रिया कहलाती है।

### योग दर्शन

यदि व्यक्ति प्रतिदिन 10 मिनट निरंतर प्राणायम करें तो श्वास संबंधी कोई भी समस्या उस व्यक्ति को नहीं आ सकती है। प्रतिदिन व्यक्ति को अपने शरीर के श्वसन प्रक्रिया को निरंतर चलाने के लिए ताड़ासन, विरासन, त्रिकोण आसन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार, गोमुखासन, पवनमुक्तासन तथा प्राणायम में कपालभाति, भस्त्रिका, नाड़ी शोधन, सूर्यभेदी, चंद्रभेदी आदि करके श्वसन क्रिया को सुचारु रुप से स्वस्थ और तंदुरुस्त रखा जा सकता है ।

प्राणायम करते समय श्वास नली, फेफड़ो और पेट में जो हलचल होती है, उससे शरीर के भीतर और बाहर कंपन - अकंपन उत्पन्न होती है । इन कम्पन का शरीर के भीतर भागों पर आश्चर्यजनक प्रभाव आसानी से अनुभव किया जा सकता है ।इस प्रभाव व अनुभव को संवेदना भी कहा जा सकता है। सही श्वसन क्रिया में एक बार में 24 सेकंड लगते हैं । इस प्रकार 1 मिनट में कुल ढाई बार ही श्वसन क्रिया हो सकेगा ।

हम एक मिनट में 16 से 18 बार श्वास लेकर छोड़ देते हैं, इस जल्दी बाजी के कारण ना तो शरीर की आवश्यकताओं की समुचित पूर्ती हो पाती है और ना ही शरीर ठीक से शुद्ध हो पाता है । योगिक विधि से श्वास लेने वाला व्यक्ति, सामान्य श्वास लेने वालों द्वारा 1 घंटे में लिए जाने वाली ऑक्सीजन के बराबरी, सिर्फ 1 मिनट में ही कर लेता है । इस तरह 24 या 25 योगिक श्वसन भरकर सामान्य व्यक्ति से दो गुना लाभ सहज ही उठाया जा सकता है। यदि हम श्वास की समस्या है तो हमें यह पता करना चाहिए की श्वास की समस्या से छुटकारा पाने के लिए कौन सा प्राणायाम करने की आवश्यकता है

जब हम उदर प्राणायम करते हैं तब हो गहरी श्वास लेते हैं और श्वास पेट के अंदर तक ले जाते हैं ।तब फेफड़े में अधिक मात्रा में वायु चली जाती हैं, जिससे हमारी तो श्वास लेने की क्रिया ठीक हो जाती है। मनुष्य को अपना जीवन लंबे समय तक जीने के लिए श्वसन क्रिया की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है।

# भारतीय परम्पराओं के अनुपालन से देश बढ़ रहा आगे

**प्रहलाद सबनानी**

### समाज

**भारत** जो किसी वक्त में सोने की चिड़िया रहा है जिसका किसी वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान रहा है, उस भारत के गुलाम होने के बाद उसकी अर्थव्यवस्था को मुगलों ने एवं अंग्रेजों ने तहस-नहस किया है। भारत का सनातन चिंतन जितना अधिक शक्तिशाली था गुलामी के उस दौर में उस पर किए गए आक्रमण उसे कमजोर बनाने में कामयाब रहे। परंतु, अब समय आ गया है कि भारत के प्राचीन आर्थिक चिंतन को गंभीरता के साथ देखते हुए वर्तमान आर्थिक विकास की दृष्टि को उसके साथ सामंजस्य स्थापित करना चाहिए।

भारत में प्राचीन ऋषियों और मनीषियों की परंपरा एक गृहस्थ परंपरा रही है और उस गृहस्थ परंपरा में आध्यात्म के साथ-साथ सामाजिक,राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन भी जुड़ा रहा है। अपने राज्य के ऋषियों के जीवन यापन की चिंता जहां राजा की प्राथमिकता में रहता था वहीं राजा को राज्य चलाने के लिए उचित मार्गदर्शन देने का सांस्कृतिक कार्य उन ऋषि-मुनियों द्वारा किया जाता था। इसलिए उन मनीषियों का चिंतन आर्थिक दिशा में भी सदैव बना रहता था। राजा अपने राज्य का विस्तार करने के साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध कैसे बनाएं इसके बारे में ऋषि-मुनियों के साथ बैठकर ही राज दरबार में चिंतन होता था और राज्य आर्थिक रूप से सशक्त बन जाते थे। इसलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था।

प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों एवं धार्मिक पर्यटन का भारत के आर्थिक विकास पर पूर्ण प्रभाव रहा है। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों से अर्थव्यवस्था को बल मिलता रहा है इसलिए उस कालखंड में धार्मिक आयोजन निरंतर होते रहे हैं। भारत की ऋषि परंपरा ने जन सामान्य को उन सबके साथ जोड़ कर रखा था। त्यौहारों की निरंतरता और उन्हें मनाए जाने का उत्साह भारत की तत्कालीन अर्थव्यवस्था को गति देता रहा है। आज के वक्त में भी धार्मिक पर्यटन के चलते भारतीय पर्यटन उद्योग में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा भी पिछले 10 वर्षों में भारत में विभिन्न तीर्थस्थलों को विकसित किया जा रहा है। अभी तक जो तीर्थस्थल विकसित हो चुके हैं,वहां का पर्यटन एकदम से कई गुना बढ़ गया है। वहां की आर्थिक समृद्धि बढ़ गई है। वहां के लोगों का जीवन स्तर बढ़ गया है। वहां संपत्तियों के दाम बढ़ गए हैं। भारत की कुटुंब व्यवस्था अपने आप में एक अनूठी कुटुंब व्यवस्था है। भारत के संयुक्त परिवार विश्व के लिए आश्चर्य का विषय रहे हैं। इन दिनों संयुक्त परिवार विघटित अवश्य होते जा रहे हैं,लेकिन बावजूद उसके आपातकाल में एक दूसरे के लिए सबके एकत्र होने की जो जिजीविषा उन सबके भीतर है वह भारत में कुटुंब व्यवस्था का अनूठा स्वरूप है, तथा यह स्वरूप देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने का काम करता है। एक परिवार में दो हाथ कमाने जाते हों और वहीं दस हाथ कमाने जाते हों, दोनों बातों का फर्क होता है। इसलिए कुटुंब व्यवस्था में एक दूसरे के लिए आपस में खड़े होने का जो व्यवहार होता है,वह व्यवहार आर्थिक चिंतन के साथ भी जुड़ कर परिवार को आगे बढ़ाने का काम करता है। भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। देश में नदियां शुद्ध रहती थी वृक्ष घने जंगलों के रूप में रहते थे और पूरा पर्यावरण शुद्ध रहता था। पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पर नदियों को,वृक्षों को,धरती को पूजा जाता है। पूरे पर्यावरण से परिवार का जुड़ाव धार्मिक रूप से रहता है। बहुत सारे व्रत और त्यौहार पर्यावरण से जुड़े हुए रहते हैं। इसलिए सनातन काल से भारत में पर्यावरण की चिंता रही है। जैविक विविधता ने भी भारत के सनातन काल को समृद्ध किया। पर्यावरण संरक्षण को उस समय में नैतिक कर्तव्य माना गया है। बाद में जब मुगलों ने भारत में शासन किया और हिंदुओं का धर्मांतरण किया तो बहुत सारी परंपराएं भी खंडित होने लगी। सनातन काल में जिस गौ माता को पूजा जाता था मुस्लिम उस गौ माता को खाने लगे। मुस्लिम शासन काल भारत के पतन और विखंडन का समय था। उनके बाद जब इस देश में अंग्रेज आ गए तो उनकी निगाह में भारतीय अपरिपक्व और मूर्ख रहे इन दोनों के समय में, मुगलों ने और अंग्रेजों न भारत को दोनों हाथों से लूटकर खाली कर दिया। जो भारतीय अर्थव्यवस्था कभी विश्व की अर्थव्यवस्था का 33 प्रतिशत हिस्सा थी वह बहुत नीचे जा चुकी थी। पर्यावरण बिखरने लगा।

## स्पीड न्यूज़

### युवाओं ने अंबा प्रसाद का पुतला फूंका



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र के चोरघरा पंचायत के सनातनी युवाओं ने गुरूवार को विधायक अंबा प्रसाद का पुतला फूंका। युवाओं ने चिकोर में फिलिस्तीन का झंडा लहराए जाने एवं महूदी बड़कगाव की घटना के खिलाफ आक्रोश जताया है। युवाओं ने कहा कि राष्ट्र विरोधी लोगों को विधायक संरक्षण दे रहीं हैं। अपने निजी हित एवं वोट बैंक के लिए विधायक ने राष्ट्र के सम्मान एवं हिंदुत्व के स्वाभिमान से समझौता कर लिया है। महुदी के युवाओं ने भी विधायक पर सनातनी युवाओं पर लाठचार्ज करवाने का आरोप लगाया था। कहा गया कि बड़कागांव में पाकिस्तान जैसा माहौल है। पुतला दहन में मंटू पटेल, विश्वरंजन सिन्हा, श्रवण कुमार, राजनारायण कुमार, विजय साव, सुरेंद्र साव, सुनील चौधरी, राजन सिंह, प्रमोद सोनी, विवेक पासवान, मुकेश, मिट्ठू पासवान, दीपक कुमार, ऋषि करमाली, राजन नायक सहित कई युवा शामिल थे।

### भुरकुंडा में युवा कांग्रेस की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** युवा कांग्रेस बड़कागांव विधानसभा की बैठक गुरूवार को भुरकुंडा में हुई। इसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत कुमार तुरी ने किया। बैठक में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर सत्यव्रत दास, जिला प्रभारी कुमार रोशन, जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव उपस्थित थे। बैठक में संगठन निर्माण क्षेत्र में पार्टी और प्रतिनिधि का कार्यशैली पर चर्चा की गई। आनेवाले दिनों में युवा कांग्रेस चुनाव में अहम भूमिका में कैसे रहे उसकी रणनीति तय की गई। बताया गया कि आने वाले दिनों में पंचायत चलो घर चलो नाम का योजना चलाया जायेगा। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को घर-घर कैसे पहुंचाया जाए इस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष जयंत कुमार तुरी, अंशु कुमार, शंकर टुडू, उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, विधानसभा महासचिव सुरेश यादव, सिकंदर कुमार, धर्मेंद्र तुरी, अमन, श्याम कुमार, विकाश कुमार, अजय पासवान, सूरज कुमार, संजय करमाली, बासु सिंह, अरसद अंसारी, राजु कुमार आदि मौजूद थे।

### पीवीयूएनएल में ड्राइविंग प्रशिक्षण संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सामुदायिक विकास कार्य के अंतर्गत ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु 30 दिवसीय ड्राइविंग प्रशिक्षण का पतरातु में समापन हो गया। उक्त प्रशिक्षण में 23 पुरुष एवं सात महिलाओं ने भाग लिया। एक माह की सफलतापूर्वक ड्राइविंग प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को बुधवार को रीता सिंह अध्यक्ष स्वर्णरेखा महिला समिति के द्वारा ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं लाइसेंस प्रदान किया गया। इस पहल ने न केवल समुदाय में व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा दिया है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी काफी महत्वपूर्ण भी साबित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को रोजगार के नए अवसर प्रदान किए हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित



फोटो 05 बैठक में मौजूद पूर्व प्राचार्य एवं अन्य.

रजरप्पा। प्रथमिक विद्यालय, छोटकी लारी में गुरुवार को अभिभावक -शिक्षक की बैठक सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक की अध्यक्षता में की गई। नायक ने कहा कि परिवार सामाजिक जीवन की शाश्वत पाठशाला है। बच्चे आदर्श नागरिकता का प्रथम पाठ अपने माता - पिता से सीखते हैं। माता - पिता का अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाकर ही दायित्व समाप्त नहीं हो जाता अपितु इनके सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय के साथ समन्वय स्थापित कर सतत सहयोग प्रदान करने की भी जरूरत है। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली, कृपाल महतो, मोगिश अहमद, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष भुवनेश्वरी देवी, उपाध्यक्ष अजीत कुमार मेहता, सहदेव साव, तापेश्वर नायक, सुनीता देवी,सेवंती देवी व अभिभावक उपस्थित थे।

### खेती किसानी देश की शान : मो क्यूम



**बरही।** पूर्व जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून व सामाजिक कार्यकर्ता सह अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अनुमंडल अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने गुरुवार को पैतृक गांव में धान रोपा का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का नींव कृषि है, कृषि के बिना कोई भी देश विकास की कल्पना तक नहीं कर सकता है, इसलिए विकसित देश के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जो कृषि से ही संभव है, इसलिए क्षेत्र के सभी किसान भाई खेती का कार्य पूरी निष्ठा से करें और क्षेत्र व देश के आर्थिक हालात को मजबूत करें।

# दारू अंचल का राजस्व कर्मी और एक दलाल गिरफ्तार

## दाखिल खारिज के लिए 40 हजार रुपये घूस लेते सीमंत दत को एसीबी ने दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता



**दारु।** दारु अंचल का राजस्व कर्मचारी सीमंत दत को निगरानी की टीम ने गुरुवार को 40 हजार रुपये घूस लेने के आरोप मे गिरफ्तार कर लिया। कर्मचारी के साथ रामदेव खैरिका निवासी तपेश्वर प्रसाद उर्फ छोटन को भी अंचल की दलाली के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है। अंचल कार्यालय मे निगरानी की टीम आने की सूचना मिलते ही पूरे मुख्यालय मे हड़कंप मच गया। प्रखंड व अंचल कर्मी अपने ऑफिस को बंद कर सभी एक कमरे में बैठ गये।

एसीबी के डीएसपी और इंस्पेक्टर ने बताया कि झुमरा निवासी संतोष कुमार पिता प्रभु राम के द्वारा शिकायत मिली थी की जिनगा, रामदेव खैरिका और दिगवार पंचायत का राजस्व कर्मचारी का पदभार संभाल रहे सीमंत दत तीन दाखिल खारिज के मामले में 60 हजार रुपये घूस मांग रहे थे, घूस दिये बिना काम को लटका कर रखा था और दाखिल खारिज नहीं किया जा रहा था। दाखिल खारिज के तीन मामले संतोष कुमार 10 डिसमिल दामोदर राम पिता रूपलाल राम 10 डिसमिल और शशि रंजन, पिता जानकी राम 3 डिसमिल 23 डिसमिल के दाखिल खारिज के लिए 60 हजार रुपये की मांग की थी। निगरानी की टीम ने अपने स्तर से मामले की जाँच करने के बाद जाल बिछाया और रिश्वत लेते दबोचा। निगरानी की टीम सबसे पहले झुमरा चौक पहुंची जहाँ पर तापेश्वर उर्फ छोटन को फोन करके संतोष ने पैसा लेने के लिए बुलाया और साधे वेश मे मौजूद निगरानी टीम के सदस्यों के सामने 40 हजार रुपये दिया और टीम ने उसे धर दबोचा और उसे कर्मचारी सीमंत को फोन कर पैसे लेकर आने की बात कही।

कर्मचारी ने उसे अपने कार्यालय आने को कहा जिसके बाद अंचल जाकर राजस्व कर्मचारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू के कार्यालय कक्ष मे औपचारिकता पुरी करते हुए दोनो को गिरफ्तार कर हजारीबाग ले गयी।

# बरही पहुंची एनएचएआइ की टीम

### ग्रामीणों ने नाली निर्माण के लिए सांसद को कराया था अवगत



**बरही।** बीते दिनों सांसद मनीष जायसवाल ने बरही के पटना रोड में नाली निर्माण से हो रही परेशानी को लेकर निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद एनएचएआई को जल्द से जल्द समाधान को लेकर निर्देश दिया था। गुरुवार को सांसद के स्थल निरीक्षण के बाद एनएचएआई की टीम ने पूर्व विधायक मनोज यादव के नेतृत्व में नाली निर्माण से हो रही परेशानी को लेकर जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि बरही मुख्यालय आवासीय इलाके की स्थिति दयनीय हो गई है। बरही शहर के तिलैया रोड में जल निकासी का कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण गंदे पानी का जल जमाव सड़कों पर हो रहा है। तिलैया रोड में जल निकासी की गई नाले में प्लास्टिक और अन्य कचड़ा जमा होकर गंदे नाली के कारण बदबू दे रही है। शहर में गंदगी के कारण मच्छर का प्रकोप और महामारी का खतरा बना हुआ है। पूर्व विधायक ने एनएचएआई के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इसका समाधान निकाला जाए ताकि बरहीवासियों को इससे परेशानी न हो और लोग स्वच्छ वातावरण में रह सके। मनोज यादव ने ग्रामीणों से कहा कि 2019 विधानसभा चुनाव के साढ़े चार साल बीत चुके है और बरही के लोगो के लिए पानी एक सपना बनकर रह गया है। श्री यादव ने कहा कि 10 जुलाई को बरही विधायक बरहीवासियो को पानी देने का खोखला वादा कर रहे है। 2024 के विधानसभा चुनाव में यहां की जनता उन्हें जवाब देने का काम करेगी। कहा कि अग्रवाल गली में कचड़ा का अंबार है लेकिन इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक सड़क का निर्माण नही हो पाया है। पूर्व विधायक ने वर्तमान विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह सरकार का भय दिखाकर अवैध कारोबार में व्यस्त है। ठेकेदार और व्यापारियो से भयादोहन कर उगाही ही उनका और उनके प्रतिनिधियों का मुख्य पेशा है। दिखाने के लिए सब जनता के रक्षक है लेकिन असल में यह सभी भक्षक है। मौके पर एनएचएआई के मैनेजर बिंनोद कुमार मिश्र, टीम लीडर बंदोउपधाय आयन, पेमेंट स्पेसलिस्ट संजय यादव, जेई आशीष कुमार के अलावा रमेश ठाकुर, अमित साहू, भगवान केशरी,गुरुदेव गुप्ता, रितेश गुप्ता, भाजपा महामंत्री किशोरी सिंह, विपिन सिन्हा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जीतेन्द्र गिरी, सनोज केशरी, उप मुखिया मनोज उपाध्याय सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू में दो महत्वपूर्ण पथ निर्माण की मंजूरी

भुरकुंडा। विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड के दो महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण की ग्रामीण विकास विभाग ने दी मंजूरी। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पतरातू प्रखंड के बिचा पंचायत में लालू करमाली के घर से नारायण बेदिया के घर तक भाया कृष्णा बेदिया के घर तक 1.5 किलोमीटर सड़क डेढ़ करोड़ की लागत से लोवाडीह में रेलवे ओवरब्रिज से लखन बेदिया के घर होते हुए वीर मोहन करमाली के घर तक 2.3 किमी सड़क निर्माण पर लगभग सवा दो करोड़ की लागत आएगी।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने किया कटकमसांडी प्रखंड का दौरा



**कटकमसांडी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने गुरुवार को कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और गांवों का दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य लोगों से संवाद स्थापित करना और पार्टी के कार्यकताओं से मुलाकात करना था। मुन्ना सिंह ने अपने दौरे की शुरूआत करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और स्थानीय जनता की समस्याओं और उनकी अपेक्षाओं को समझने के लिए उनसे सीधा संवाद स्थापित किया।

मुन्ना ने कहा कि जनता की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। हम हर संभव प्रयास करेंगे कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या सुनी जाए और उनका त्वरित समाधान हो।इसके साथ ही मुन्ना सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकताओं को निर्देश दिए कि वे जनसेवा को प्राथमिकता दें और लोगों के बीच जाकर जमीनी स्तर पर कार्य करें। इस दौरे में उनके साथ मुख्य रूप से उपस्थित आरजेडी जिला अध्यक्ष चरका यादव, रंजीत यादव, डांड पंचायत के मुखिया इरसाद आलम,कटकमसाड़ी मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, शेरू खान, मुनेश्वर यादव, दिनेश यादव , सुजीत सिंह ,इजाजुल अंसारी, मुकेश राम , प्रसादी राम, महेश राम सुनिल सिन्हा, अजिज अंसारी, अशिश राणा, राजदेव राम , चंन्दन राणा, छोटे लाल राणा साथ कई वरिष्ठ नेता और पार्टी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कुजू में 17 टन अवैध स्टीम कोयला जब्त

कुजू। सीसीएल आरा परियोजना के दो नंबर खदान के पास अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए 17 टन स्टीम कोयला को जब्त किया गया। कुजू पुलिस व सीसीएल सुरक्षा विभाग को लगातार सूचना मिल रही थी कि परियोजना अंतर्गत क्षेत्र में अवैध रूप से कोयला भंडारण कर छिपा कर रखा गया है। ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय व सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने सयुंक्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर उक्त स्थल के पास छिपाकर रखे गए करीब 17 टन अवैध स्टीम कोयला को जब्त किया। अभियान में कुजू ओपी प्रभारी के अलावे क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी पीसी साहू, परियोजना पदाधिकारी पीएस देव, हेमंत सिंह, सुरेंद्र नोनिया, त्र राज किशोर महतो, मुकेश कुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार तथा जवान शामिल थे।

# भुरकुंडा में मुहर्रम शांतिपूर्वक संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान नारा-ए-तकबीर, या हसन-या हुसैन के नारे से क्षेत्र गूंजता रहा। ऊपर धौड़ा भुरकुंडा, गांधी क्लब शास्त्री चौक समेत जवाहर नगर से निकले जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल हुए। सभी जुलूसों का मिलान भुरकुंडा थाना के समीप सार्वजनिक मैदान में हुआ। यहां पर विभिन्न अखाड़ा के खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार, फरसा आदि परंपरागत हथियारों का परिचालन करते हुए खेल का प्रदर्शन किया। जुलूस में शामिल ताजिया आकर्षण का केंद्र रहा। सार्वजनिक मैदान में मिलान के बाद जुलूस भुरकुंडा मेन रोड बाजार, बिरसा चौक होते हुए जामा मस्जिद तक गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों का कई स्थानों पर शरबत, खीर, चाय-कॉफी के साथ स्वागत किया गया। जुलूस बिरसा चौक, मस्जिद कॉलोनी, भुरकुंडा बाजार, थाना चौक, हॉस्पीटल कॉलोनी होते हुए वापस थाना चौक पहुंचा। कोयलांचल के भुरकुंडा, सौन्दा डी, उपर धौडा, भदानीनगर के चिकोर, लपंगा, चौनगड़ा, चोरधरा सहित अन्य जगहों से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। इधर बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित गांधी नगर में शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मुहर्रम का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ भव्य जुलूस भी निकाला गया। जुलूस में समाजसेवी निशि पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, सुंदर नगर मुखिया ब्यास पांडेय, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, जवाहर नगर के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, समाजसेवी अबु हसन सहित सैंकड़ों मुस्लिम धमार्वावलंबी शामिल हुए। मुर्हरम कमेटी के लोगों ने निशि पांडेय को बुके देकर जोरदार स्वागत किया।

## एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में तीन गंभीर रूप से घायल

विष्णुगढ़। विवेकानंद विद्यालय के समीप बुधवार शाम दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमे 32 वर्षीय अशोक साव पिता वासदेव साव, 30 वर्षीय गुड़िया देवी पति विनोद मंडल एवं 14 वर्षीय बच्ची अंशिका कुमारी शामिल है। जानकारी के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिल पर सवार नवादा और भूताही मुरगावो के बताए जाते हैं।इस घटना के संबध में मिली जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल सवार नवादा निवासी अशोक साव किसी कार्य को लेकर हॉस्पिटल चौक जा रहे थे, वही दूसरा मोटरसाइकिल सवार भूताही मुरगावो निवासी विनोद मंडल अपनी पत्नी गुड़िया देवी एवं बेटी अंशिका कुमारी के साथ हॉस्पिटल चौक इलाज के लिए डॉक्टर पर जा रहे थे कि इसी दरमियान दोनों मोटरसाइकिल सवार की आपस में भिड़त होकर दुर्घटना हो गई, जिसमे तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के वक्त मौजूद आसपास के लोगों द्वारा सभी घायलों को इलाज हेतु विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। नवादा निवासी अशोक साव के माथे पर गहरी चोटे आने से उसकी नाजुक स्थिति बनी हुई थी,वही भूताही मुरगावो निवासी महिला गुड़िया देवी के माथे पर गहरी चोटे आने के साथ एक पैर की हड्डी फ्रैक्चर होकर टूट गई। प्राथमिक इलाज कर दोनों घायलों को बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग सदर रेफर कर दिया गया है।

### महासभा को लेकर जेबीकेएसएस की बैठक



**कटकमसांडी।** जेबीकेएसएस के बदलाव संकल्प महासभा को लेकर गुरूवार को कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय अवस्थित पंचायत भवन में जिलाध्यक्ष सरजू साव की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में संकल्प महासभा को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। मौके पर मौजूद अध्यक्ष उदय मेहता ने कहा कि क्षेत्रीय विकास के लिए परिवर्तन जरूरी है। जेबीकेएसएस जनहित के मुद्दे पर हमेशा आवाज बुलंद की है। उन्होने कहा कि जयराम महतो के नेतृत्व में लोगों की मूलभूत समस्याओं के समाधान की लड़ाई जारी रहेगी। झारखंड के सम्पति को राज्य के विकास मे खर्च कराना जेबीकेएसएस का मकसद है और इस मकसद को पूरा कराने के लिए हमें लोगों का समर्थन चाहिए। बैठक में मीडिया प्रभारी पंकज पटेल, हसीन अहमद, विकास मेहता, महेंद्र मेहता, मोबीन अंसारी, अर्जुन मेहता, शशि यादव, संतोष दास सहित दर्जनों समर्थक उपस्थित थे।

### अनुमंडल कर्मियों ने किया कलम बंद हड़ताल

**बरही।** झारखंड अनुसचितीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपने 9 सुत्री माँगों को लेकर गुरुवार को अनुमडल कार्यालय बरही में सभी कर्मियों ने कलम बंद हड़ताल किया। हड़ताल में तुलसी श्रीतास्तव, मनोज सोनी, संजय तिग्गा,निशांत राज, लिपिक शबनम आरा, सनी कुमार, सुनील उरांव, कामेश्वर साव, अनुसेवक प्रियंका सिंह, कुलदीप कुमार एवं रंजीत कुमार, संजीत कुमार, प्रमोद ठाकुर, सुभाष कुमार आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय:- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.06.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर गुमला कुम्हारी पथ पर कुम्हारी ग्राम के विलीभर्स चर्च के पास से 15 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप सं0–JH0AR8702, को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर बसिया वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 23.07.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:– वन है, तो जीवन है –:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 329916 Forest, Environment and Climate Changes (24-25)_D

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla**

**Very Short Term E-procurement Tender Notice**

**Re E-Tender NIT No: GML/NP/04/2023-24 (Urban Transportation & Civic Amenities) (3rd Call)**

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents Online (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Drain and Construction of Slab and others work in Ward no 20 from Ramesh Chini house to Dharti Dhan shop via Raghav Wakil house, From Rajan Gupta house to Umakant kasera house, Sachidanand house to Jitu Bhokta and Mohan Gupta House to Rajesh Gupta House. | 11,08,779.00 | 22200.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 2 | Construction of PCC Road and Drain in Ward No 22 from Manju Oraon house to Jaypal Oraon house. | 10,45,690.00 | 21000.00 | 5000.00 | 01 Month |
| | | 21,54,469.00 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Administrator, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Date of tender published on website | 23.07.2024 (at 10:00 AM) |
| 3 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 4 | Availability of tender online biding | 23.07.2024 (at 10:00 AM) to 30.07.2024 (at 05:00 PM) |
| 5 | Date & time of opening bid | 01.08.2024 (at 03:00 PM) |
| 6 | Mode of Submission of bid | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

नोट :– (1) केवल ई–निविदा स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 329936 District(24-25)#D

**कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़**

**नगर परिषद, रामगढ क्षेत्र अन्तर्गत अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।**

अति अल्पकालिन सूचना संख्या – **NIT/RGH/NP/01/2024-25 (2nd Call)**

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2. निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 20.07.2024
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 29.07.2024 अपराहन 4.00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांक:30.07.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
6. मद का नाम :– नागरिक सुविधा/शहरी परिवहन
7. हेल्पलाईन नं0 :– 9962405690 9110072039

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 15 | Construction of model Municipal Building at Budh Bazar sipahi Muhhala in ward No-15 | 2499200.00 | 49984.00 | 5000.00 | 180 दिन |
| 02 | 15 | Construction of Drain from H/O Sukhdeo Bediya to Giddi Ramgarh main Road via bediya tola in ward No-15 | 2288100.00 | 45762.00 | 5000.00 | 90दिन |
| 03 | 18 | Laying of Paver Block from H/O Ganesh Mahto to Oraon Nahwa Nala, H/O Manwar Alam to H/O Banshi Oraon and H/O Ritulal Turi to H/O Maniya Turi in ward no 18 | 2327600.00 | 46552.00 | 5000.00 | 90दिन |
| 04 | 18 | Laying of Paver Block from Jitiya Akhra to H/O Dilip Bedia and From H/o Arjun Maho(Main Road) to H/O Gangaram Mahto and From H/O Ward No-18 | 1348600.00 | 26972.00 | 5000.00 | 90दिन |
| 05 | 19 | Construction of PCC Road From Anil Hotel to Danish Petrol Pump at in Ward No-19(Part-I) | 1977100.00 | 39542.00 | 5000.00 | 90दिन |
| 06 | 19 | Laying of Paver Block at Munda Tola Ambatand Chaingada Tola in Ward No-19 | 2388700.00 | 47774.00 | 5000.00 | 90दिन |

नोट :– 1. केवल ई–निविदो ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, रामगढ़।

PR.NO.329879 District(24-25):D

स्पीड न्यूज

## तालाब का पानी हुआ बदरंग, दूषित व बदबूदार से बीमारी की आशंका

**चतरा।** सदर ब्लॉक के पाराडीह पंचायत कठौतिया में जल संरक्षण के लिए लाखों रुपये खर्च कर तालाबों की सफाई की जाती है, लेकिन यह उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहा है। कठौतिया तालाब का पानी बदरंग व बदबूदार हो चुका है, जिससे महामारी फैलने की आशंका है। तालाब की सफाई नहीं होने के कारण आसपास के लोगों को निस्तारी की समस्या हो रही है। वर्तमान में तालाब में नहाने से शरीर में खुजली होने लगती है। जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण तालाब की सफाई की आवश्यकता नहीं समझी जा रही है। सफाई के अभाव में तालाब का पानी बदबूदार हो चुका है।

## राम नारायण कॉलेज में ओपन जिम का उद्घाटन

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के राम नारायण कॉलेज कौलेश्वरी खेल मैदान में मंगलवार को ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कश्यप और डिग्री कॉलेज के प्राचार्य जैनेंद्र कुमार सिंह ने पूजा-पाठ और फीता काटकर किया। झारखंड सरकार के खेल प्राधिकरण, पर्यटक कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सौजन्य से ओपन जिम का सामान लगाया गया है। झारखंड सरकार युवाओं को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए जिम की सुविधा उपलब्ध करा रही है। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र में जिम खुलने से बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ जिम करके अपनी शारीरिक मजबूती बनाएंगे, जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्राचार्य ने कहा कि अगर आपको निरोग रहना है तो जिम करें और अपने स्वास्थ्य को मजबूत करें। शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य भी बहुत जरूरी है। इस मौके पर काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## महिला ग्राम संगठन की बैठक का आयोजन

**गिद्धौर।** बारिसाखी पंचायत में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं का ग्राम संगठन की बैठक सक्रिय महिला कंचन देवी की अध्यक्षता में हुई। महिलाओं को प्रशिक्षण दी गई गयी। आशा देवी ने विजन वाक्य से जुड़ी जानकारियां साझा कीं और महिलाओं को खुली आंखों से सपना देखने के लिए प्रेरित किया।

## मुहर्रम जुलूस से वापस लौट रहे दो युवकों की मौत, एक घायल

**चतरा।** हंटरगंज के चतरा डोभी मुख्य मार्ग स्थित नागर गांव के समीप बुधवार की देर रात एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान मोहम्मद राजाली (18 वर्ष) और मोहम्मद शाहजहां (20 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक का नाम मोहम्मद जुबेर (18 वर्ष) है। तीनों एक मोटरसाइकिल से हंटरगंज से मुहर्रम का जुलूस देखकर अपने घर लौट रहे थे। घायल मोहम्मद जुबेर की गंभीर स्थिति के कारण उसे मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया है। इस घटना से बहेरा गांव में शोक का माहौल है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ब्लॉक रोड मैदान स्थित नप के द्वारा संचालित पब्लिक लाइब्रेरी में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर सभी प्राइवेट अस्पतालों एवं क्लीनिक के सहायक के साथ एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सभी को पोर्टल पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर ऑनलाइन प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। वहीं जन्म मृत्यु रजिस्टार सह प्रशासक हर्षवर्धन ने कहा कि सभी प्राइवेट अस्पताल एवं क्लीनिक के संचालक अपने अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों का शत प्रतिशत ऑनलाइन पंजीयन करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी प्राइवेट अस्पताल एवं क्लीनिक के सहायक समेत नगर परिषद के कर्मी मौजूद थे।

### श्रम एवं रोजगार विभाग के केंद्रीय संयुक्त सचिव ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मन्त्रालय के संयुक्त सचिव रूपेश कुमार ठाकुर गुरुवार को कोडरमा पहुंचे और समाहरणालय स्थित सभागार में जल शक्ति अभियान 2024 कैच द रैन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

बैठक के दौरान अभियान के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा कर कहा कि जिले में जल संरक्षण के दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है, उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल संरक्षण के दिशा में और बेहतर कार्य करें और इस अभियान में आमजनों को भी सहभागी बनाएं। वहीं संयुक्त सचिव ने कहा कि जल शक्ति अभियान 2024 कैच द रैन की थीम नारी शक्ति से जल शक्ति है, ऐसे में कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करें।

इसके पूर्व उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण के दिशा में किये जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दिया। वहीं उन्होंने बताया कि जिला और प्रखंड स्तर पर जल शक्ति केंद्र स्थापित है और पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य कर रही है, कार्यों का नियमित रूप से मोनेटरिंग किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि जिले में जितने अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है, उसे जिओ टैगिंग कर दिया गया है, प्री और पोस्ट मॉनसून को लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन से सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा कि मनरेगा के तहत भी जल संरक्षण के क्षेत्र में कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है, इसमे डोभा, टीसीबी, फील्ड बण्ड, सोक पीट, बिरसा हरित ग्राम योजना के बागवानी और मनरेगा पार्क के माध्यम से भी जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। मौके पर डीएफओ सौमित्र शुक्ला, डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुरेन्दू समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## नामांकन प्रकोष्ठ का किया गया बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नामांकन प्रकोष्ठ की बैठक समन्वयक सौरभ शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। वहीं सौरभ शर्मा द्वारा बताया कि झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद झारखंड सरकार के निर्देशानुसार बीएड. शैक्षणिक सत्र 2024-26 पाठयक्रम में नामांकन हेतु प्रथम चक्र ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु रजिस्ट्रेशन 18 जुलाई से 25 जुलाई 2024 तक जारी रहेगी।

वहीं 26 एवं 27 जुलाई 2024 को भरे गए फॉर्म में अभ्यर्थी संशोधन कर सकेगें। साथ ही 30 जुलाई को नामांकन हेतु सीट आवंटित किया जाएगा। तत्पश्चात् अभ्यर्थी आवंटित महाविद्यालयों में 31 जुलाई से 7 अगस्त 2024 तक नामांकन ले सकते हैं। उक्त पाठयक्रम में सामान्य वर्ग, ईडब्ल्यूएस, बीसी 1 एवं बीसी 2 के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु 400 रुपए एवं सभी कोटि की महिला अभ्यर्थीयों एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी के लिए 250 रुपए की ऑनलाइन राशि देय होगी। बैठक में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ. मनीष कुमार पासवान, सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार एवं नामांकन प्रकोष्ठ सदस्य मुख्तार आलम, दीपक कुमार पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

## एनसीसी कैडेटों ने किया पौधरोपण

**कोडरमा।** सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया परिसर में एनसीसी के 45वीं झारखंड बटालियन कोडरमा के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने प्राचार्य मनोज कुमार व एनसीसी इंचार्ज नवीन चौधरी, राधिका, सूबेदार एसडी भगत, डीएचएम मनोज उरांव के साथ पौधारोपण किया। इस दौरान फलदार व छायादार पौधे लगाये गये। मौके पर प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है, पेड़ पौधा से ही हमें ऑक्सीजन मिलता है। जिस प्रकार पेड़ों की संख्या कम हो रही है उसे बढ़ाने के लिए सबको पौधारोपण करना चाहिए। वहीं सूबेदार एसडी भगत ने बताया कि पेड़ पौधा लगाने से मानव के साथ-साथ पृथ्वी के सभी जीव जंतु भी जीवित रहते हैं और प्रदूषण की समस्या कम हो जाती है। एनसीसी कैडेटों व शिक्षकों ने पौधों को बचाने की शपथ ली। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाए एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## गरीबों के लिए पैसे उगाने वाला पेड़ साबित हो रहा केंदु का पौधा

**प्रतापपुर (चतरा)।** मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोये थे, सोचा था, पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे, रुपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी और फूल फलकर मै मोटा सेठ बनूंगा। छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत की यह काव्य रचना अति महत्वाकांक्षी एवं मृगतृष्णा के शिकार लोगों के ऊपर कटाक्ष के रूप में लिखी गई थी। परंतु प्रतापपुर वन क्षेत्र में महिलाओं से लेकर छोटे-छोटे बच्चों को हसरत से केंदु पत्ता तोड़ते देख एहसास होता है मानो केंदु का यह पौधा उनके लिए पैसा उगाने वाला पेड़ हो। वनोपज पर आश्रित गांव के गरीब सचमुच केंदु के पौधों को पैसे देने वाला पेड़ मानते हैं। माने भी क्यों नहीं केंदु के पत्तों को बेचकर गरीब अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। केंदु पत्ते को बीड़ी पत्ता भी कहा जाता है।

## कर्मचारी चेतन जागरण कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में गुरूवार को जेएचएआरओटीइएफ के बैनर तले कर्मचारी चेतन जागरण प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कन्या मध्य विद्यालय में आयोजित की गयी। वहीं पर्यवेक्षक के रूप में वीणा देवी के निर्देशन में प्रखंड कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष के रूप में अरविंद कुमार सिंह, विजय सिंह चौधरी तथा प्रखंड संयुक्त सचिव के रूप में श्यामसुंदर यादव और चंदन कुमार गुप्ता एवं पंचायत सचिव के रूप में चयन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष डॉ. वासुदेव राम उपस्थित हुए। मौके पर गिरधर प्रसाद सिंह, वीरेंद्र कुमार, मुनेश कुमार साव, वरुण कुमार सिंह, विजय कुमार पांडे, कुमारी निभा, भोला साव, सुरेश राम, मुकुल प्रसाद सिंह, वीरेंद्र यादव, अभिषेक टोप्पो, गणेश रजक, प्रदीप दास, कुंदन कुमार, महावीर कुमार, नागेश्वर प्रसाद, पिंटू कुमार, अशोक सिंह, प्रदीप कुमार, सुखदेव राम, राम कृष्ण गिरी, गंगाधर प्रसाद दास, अशोक राम, दिनेश यादव सहित विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारी शामिल थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** कल्याण विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के सभी सरकारी विद्यालय के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की महवाकांक्षी योजना निःशुल्क साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में चंदवारा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। वहीं बरही विाायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। निः शुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत 447 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। जिसमें 236 छात्र और 211 छात्राएं शामिल हैं। निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत चंदवारा जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरांव, बिरसोडीह, पुरनाथम, थाम समेत अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। मौके पर सीओ चंदवारा अशोक कुमार भारती व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मंत्रियों से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी कोडरमा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मंत्रियों से मुलाकात की। वहीं नेताओं ने मुख्य रूप से स्वास्थ्य सह खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता, ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक पर्यटन सह नगर विकास विभाग मंत्री हफीजुल हसन, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से रांची स्थित सचिवालय में मुलाकात की तथा कोडरमा सहित राज्य के समस्याओं से अवगत कराया। वहीं प्रतिनिाि मंडल ने स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति, कृषि की समस्या तथा हाल के दिनों में कोडरमा में बढ़ते हुए अपराध के बारे में विस्तार से बताया। वहीं जिलाध्यक्ष पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का चहुमुखी विकास हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल में जिप सदस्य सह कांग्रेस नेता लक्ष्मण यादव, वरिष्ठ नेता रामलखन पासवान, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दशरथ पासवान, जिला सचिव कुंदन साव, विवेक यादव, दिलीप राम, जिला उपाध्यक्ष मो. नवाब शामिल थे।

### पत्रकार पंकज सिंह बने झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष, महासचिव महेंद्र

## पत्रकारों के हक के लिए होगी आर-पार की लडाई : पंकज सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) के प्रदेश सचिव सह जिला प्रभारी राजीव मिश्रा की अनुशंसा पर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) की झारखण्ड राज्य इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णा नंद भारती एवं प्रदेश महासचिव अभय कुमार लाभ द्वारा चतरा जिला कमेटी का गठन किया है। चतरा जिला कमेटी के अध्यक्ष पंकज सिंह, महासचिव महेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष सुशांत पाठक और श्रीकांत राणा, सचिव मन्नू यादव, सैलेश सिंह, रंजीत शौंडिक और मो मुकीम, कोषाध्यक्ष सरफराज आलम हैं। साथ ही पत्थलगड़ा, कुंदा एवं टंडवा प्रखंड कमेटी के लिए अध्यक्षों को मनोनीत किया गया है। चतरा जिला की जिम्मेदारी मिलने के बाद पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश कमिटी ने जो भरोसा जताया है बखूबी उस पर खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा पिछले कुछ दिनों में पत्रकारों पर दर्जनों हिंसात्मक घटना को



पंकज कुमार सिंह



महेंद्र कुमार यादव, महासचिव

अंजाम दिया गया और पत्रकारों को न्याय नही मिला, पत्रकार प्रताड़ना के शिकार हो रहे है। जिला कमिटी के साथ बैठक कर एक रणनीति बना अभियान की शुरूआत की जाएगी। पत्रकार समाज के आँख और कान है। इसके साथ अन्याय बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस जिम्मेदारी के लिए उन्होंने संस्थापक शहनवाज हसन, प्रदेश अध्यक्ष संपूणानंद भारती और प्रदेश महासचिव अभय कुमार लाभ का आभार जताया है। संगठन की ओर से पंकज सिंह के जिला अध्यक्ष मनोनयन की सूचना राज्य कमिटी सहित उपायुक्त चतरा, पुलिस अधीक्षक चतरा और जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी को भेज दिया गया है।

एक नजर में

## ट्रांसपोर्टिंग कर रहे प्रगति और नकास कंपनी टंडवा में लिख रही है पटकथा

रबिन्द्र दास

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा, एक औद्योगिक शहर, कोयला खनन क्षेत्र के वाहनों के कारण पिछले एक दशक में लगभग बारह सौ से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जिसमें वर्ष 2024 के पिछले पांच महीनों में ही एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इन हादसों के बाद ट्रांसपोर्टर और सीसीएल प्रबंधन के साथ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि कफन की कीमत तय कर आपाधापी में सड़क पर बिलखते परिवार को हटवा देते हैं। सीसीएल प्रबंधन, ट्रांसपोर्टर और जनप्रतिनिधि, सभी इन हादसों के लिए जिम्मेदार हैं, जिन्होंने हजारों परिवारों के चिराग बुझने के बाद भी कोई ठोस पहल नहीं की। जिसके कारण हजारीबाग जिले के

### एक दशक में लगभग बारह सौ से अधिक लोगों की मौत

चट्टीबारियातू परियोजना कर कोयला बड़कागांव हजारीबाग मुख्य पथ होते हुए भेजने के बजाय टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ से भेजा जाने लगा, जिससे मुख्य सड़क पर एक हजार से अधिक वाहनों की संख्या बढ़ गई और हादसों में भी इजाफा हुआ। विकास के नाम पर विनाश की पटकथा से एक ओर जहां बड़ी-बड़ी कंपनियां और ट्रांसपोर्टर करोड़ों रुपए रोजाना कमा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आम गरीब के लिए बने आम सड़क पर कोल वाहनों ने कब्जा कर लिया है और धूल-गर्दे को फांकने के साथ यहां के आम लोग कोल वाहनों के पहिए में पिसकर जान गवां रहे हैं।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अनुमोदन से संबंधित बैठक




खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ई-कल्याण पोर्टल पर प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं के आवेदन अनुमोदन हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के 45 संस्थानों व कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों ने ई-कल्याण पोर्टल पर कुल 18603 रजिस्ट्रेशन कराए हैं, जिसमें से 17868 आवेदनों को संस्थान के नोडल ऑफिसर द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके बाद सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से जांच कराई गई।

### 5966 छात्र छात्राओं को भुगतान करने हेतु दी गई स्वीकृति

बैठक में जिला स्तरीय समिति ने 5966 छात्रों को भुगतान करने हेतु स्वीकृति दी और शेष छात्रों को 20 जुलाई 2024 तक जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया ताकि सभी पात्र आवेदकों को जल्द से जल्द लाभ मिल सके। बैठक में कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सहायक अध्यापक संघ बीस को मुख्यमंत्री आवास घेरेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** सहायक अध्यापक संघ द्वारा हेमंत सरकार के द्वारा वेतनमान के मुद्दे पर फैसला नहीं लेने के विरोध में 20 जुलाई से मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा। इस बाबत जयनगर कार्यालय में जिलाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक की गयी। इसमें वेतनमान लागू करने के पुनः सरकार के वादे व उससे मुकरने की बात को दुहराते हुए कहा कि कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त अल्प मानदेयभोगी शिक्षकों के सब्र का बांध अब टूट चुका है। विभाग के इपीएफ मुद्दे पर बैठक का बहिष्कार कर शिक्षकों ने आरपार की लड़ाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अविलंब कैबिनेट में वेतनमान पर मुहर लगाएं, साथ ही बीआरपी सीआरपी के बीच फूट डालने की कोशिश न करें।

वहीं उन्होंने कहा कि सरकार बचे समय में प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या का समाधान करे। वहीं जिला महासचिव दामोदर यादव ने भी शिक्षकों के लिए वेतनमान, ईपीएफ, अनुकंपा, सेवानिवृति लाभ, मृत्यु दुर्घटना का लाभ, 4 प्रतिशत वृद्धि नगर पर्षद क्षेत्र में लागू करने की मांग की। उन्होंने शिक्षकों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में सीएम आवास घेराव में शामिल हो कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## स्कूल रुआर 2024 को लेकर प्रखण्ड स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**इटखोरी।** इटखोरी प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार भवन में 'स्कूल रुआर 2024' को लेकर प्रखण्ड स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि स्कूलों से अनामांकित और ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालय वापस लाने और शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में 16 दिन तक स्कूल रुआर-2024 बैक टू स्कूल अभियान चलेगा। अभियान के तहत 31 जुलाई तक राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में नव नामांकित बच्चों का स्वागत, अनामांकित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास और नामांकित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान विभिन्न तिथियों में निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन समय पर होगा और इसकी निगरानी गूगल लिंक के माध्यम से होगी।लापरवाही बरतने या ढिलाई बरतने वाले स्कूलों के शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। अभियान के नौवें दिन कक्षा छह से 12 के बीच की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं के बीच माहवारी स्वछता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके साथ बाल विवाह निषेध जैसे विषयों पर भी उन्हें जागरूक किया जाएगा।

# स्वस्थ आदमी की पहचान, सही खान-पान और रोज व्यायाम

- बीपी/सूगर को औकात में रखें तो गंभीर बीमारियां रहेंगी दूर
- टाटा मोटर्स मेडिकल सोसायटी की स्वर्ण जयंती पर डॉक्टरों ने दी सलाह

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स मेन हॉस्पिटल के हेड डा संजय कुमार ने कहा कि टेक्नोलॉजी में जहां इंसान के जीवन को आसान और आराम तलब बनाया है वही शारीरिक गतिविधियां कम होने से जीवन शैली आधारित बीमारियों की चपेट में भी मनुष्य को ला खड़ा किया है। अगर हमें स्वस्थ रहना है तो स्वस्थ जीवन शैली भी दिनचर्चा में शामिल करनी होगी।

डा सजय कुमार आज टाटा मोटर्स मेडिकल सोसायटी की स्वर्ण जयंती के अवसर पर लिटिल फ्लावर स्कूल सभागार में एक पैनल डिस्कसन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोज सुबह या शाम को आधा घंटा का तेज वॉक, रन अथवा खेल की गतिविधियों के साथ-साथ योग एवं प्राणायाम को शामिल कर एवं पोषण युक्त भोजन के साथ-साथ बीपी और शुगर और नियंत्रण लाकर इंसान स्वस्थ जीवन जी सकता है। उनकी सलाह थी कि हर व्यक्ति को साल में काम से कम एक बार ऑल बॉडी हेल्थ चेक अप अवश्य कराना चाहिए। इससे समय रहते बीमारियों की पहचान की जा सकती है,और रोग को जटिल होने से रोका जा सकता है।

पैनल डिस्कसन में चिकित्सा का विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में लोगों की आय बढ़ी है और टेक्नोलॉजी आम जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसलिए हम जहां एक और पौष्टिक भोजन कर रहे हैं तो दूसरी ओर एनर्जी बर्न करने के लिए शारीरिक मेहनत नहीं कर रहे हैं व ना तो हम वह शारीरिक व्यायाम के लिए समय निकाल रहे हैं

टाटा मोटर्स हॉस्पिटल के हेड डॉक्टर संजय कुमार ने कहा कि हम अपने लिए निश्चित रूप से स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना पड़ेगा और अपनी फिजिकल एक्टिविटी बढ़ानी होगी। सबसे बड़ी बात साल में काम से कम एक बार हेल्थ चेकअप कराना चाहिए जिन्हें शुगर और ब्लड प्रेशर है उन्हें हर 3 माह पर ब्लड टेस्ट करा कर अपने चिकित्सक को दिखाना चाहिए।



पैनल डिस्कसन में बोलते डॉ संजय कुमार। साथ में डॉ संजय लाल श्रीवास्तव, डा राजीव शरण, डा अरुणिमा, डा राजेश ठाकुर और डा मंदार शाह।

**स्वस्थ रहने के लिए शराब,धूम्रपान से दूर रहे और पर्याप्त नींद लें : डा राजेश ठाकुर**

टाटा मोटर्स अस्पताल के मेडिसिन डिपार्टमेंट के एचओडी डॉक्टर राजेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हमें धूम्रपान और शराब से दूर रहना होगा और पौष्टिक खान-पान करना होगा। डॉ राजेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हमें यह जानकारी रहनी चाहिए कि आप धूम्रपान करते हैं तो 40 तरह के कैंसर के खतरे के शिकार होने की चांसेस होते हैं। उन्होंने हर व्यक्ति को 8 से 9 घंटे हर दिन नींद लेने की सलाह दी। अच्छी नींद के लिए उन्होंने सोने से पहले हल्का भोजन लेने, बेड रुम को साफ-सुथरा रखने और टेंपरेचर नॉर्मल रखने और सोने से 1 घंटे पूर्व अपने मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट को कमरे से बाहर रखने की सलाह दी ताकि नींद किसी वजह से टूटे नहीं। डॉ राजेश कुमार ठाकुर का कहना था कि जब जागो तब सवेरा यानी अगर नियमित रूप से वॉक रन योग आदि नहीं कर रहे हैं तो आज से ही करना शुरू कर दीजिए। कम से कम हर व्यक्ति को आधा घंटा तेज रफ्तार से टहलना चाहिए।

**खाने की प्लेट में आधा हरी सब्जी और सलाद रहना जरुरी : डा संजय श्रीवास्तव**

टाटा मोटर्स मेनं हॉस्पिटल के मेडिसिन एवं आईसीयू के चीफ डॉक्टर संजय लाल श्रीवास्तव ने कहा कि हम अपने खान-पान पर ध्यान देकर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं। उनकी सलाह थी की खान की प्लेट में आधे प्लेट में हरी सब्जियां एवं फल रहने चाहिए। एक चौथाई में चावल और रोटी, एक कटोरी दाल और 300 एमएल दूध अथवा दही अवश्य रखना चाहिए। डॉ संजय लाल श्रीवास्तव ने शाकाहारी लोगों को खाने की प्लेट में दाल, बींस, राजमा,सोयाबीन ,पनीर और दूध से प्रोटीन लेने की सलाह दी जबकि मांसाहारी लोगों को मछली चिकन और अंडा खाने की सलाह दी। उन्होंने मटन से लोगों को बचाने की सलाह और कहा कि बाजार में मिल रहे सप्लीमेंट प्रोटीन को लेने की जरूरत नहीं है। खाद्य तेल के मामले में उनका सुझाव था की भोजन में सरसों तेल तो कभी सूरजमुखी का तेल तो कभी राइस तेल यानी मिक्स तेल का सेवन करना चाहिए। माइक्रो न्यूट्रिएंट लेने की सलाह कर देते हुए उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को निश्चित रूप से हर दिन सूखा फल एवं मेवा जैसे बादाम अखरोट सलाद आदि लेने चाहिए। डॉ श्रीवास्तव ने मधुमेह रोगियों को नियमित रूप से दवा खाने के साथ-साथ खानपान एवं व्यायाम पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने याद दिलाया कि मधुमेह के रोगियों को हार्ट अटैक, किडनी एवं अन्य गंभीर बीमारियां होने की चांसेस ज्यादा होते हैं। इसलिए शुगर को नियंत्रण में रखना बहुत जरूरी है उन्हें बीपी पर भी विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है।

**शहर के हार्ट रोगियों में 40 प्रतिशत बीपी और सूगर के मरीज : डा मंदार शाह**

टाटा मैन हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉक्टर मंदार शाह का कहना था कि शहर में 40% हृदय रोग वाले लोग मधुमेह और बीपी के शिकार रहते हैं। इसलिए मधुमेह और बीपी को नियंत्रित रखता हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में स्थिति बहुत अच्छी नहीं है और अकेले टीएमएच में हर मां 200 एंजियोग्राफी एवं एनजीओ प्लास्टि की जा रही है।

**हृदय रोग के संकेत :** टीएमएच के हृदय रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डा मंदार शाह ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति चलते समय जल्दी थकान महसूस करने लगे, हृदय तेजी से धड़कने लगे और रात को सांस फूलने की शिकायत हो।

## स्पीड न्यूज



### नि:शुल्क कांवर यात्रा के पंजीयन का कार्य पूरा

**जमशेदपुर।** सावन के पावन माह में आगामी 28 जुलाई को बाबा बैजनाथ सेवा संघ के द्वारा आयोजित नि:शुल्क कांवर यात्रा में शामिल होकर सुल्तानगंज जाने वाले कांवरियों का पंजीयन का कार्य पूरा हो गया है। सोनारी के बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबंध करते हुए संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया कि यात्रा में शामिल होने वाले कुल 1100 लोगों में 634 महिला और 466 पुरुषों ने अपना पंजीयन कराया है। अधिकांश वैसे लोग हैं जो प्रतिवर्ष बाबा बैधनाथ सेवा संघ के द्वारा आयोजित कांवर यात्रा में शामिल होकर सुल्तानगंज से जल लेकर देवघर जाते हैं।

### तीसरी सोमवारी को निकलेगी सामूहिक जलाभिषेक यात्रा



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रावण महोत्सव के निमित्त तीसरे सोमवारी को होने वाले आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सूर्य मंदिर समिति द्वारा 5 अगस्त, तृतीय सोमवारी को होने वाले जलाभिषेक यात्रा की सफलता व भव्यता हेतु विभिन्न पहुलओं पर चर्चा की गई। इस दौरान मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्यरूप से मौजूद रहे। बैठक में अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 5 अगस्त (सोमवार) को सुबह 7 बजे शिवभक्त बारीडीह बस्ती हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे। जहां से जलपात्र में जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए सूर्य मंदिर के शिवालय में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। मंदिर कमेटी की ओर से 21 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है।

### निजी विद्यालयों के बच्चों का नहीं जमा हुआ आधार नंबर

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत बैठक में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा की गयी। परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार व अन्य विभागीय पदाधिकारी, कर्मी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में सरकारी स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से ईको क्लब का गठन करते हुए पौधारोपण कराने पर बल दिया गया। जिला अंतर्गत कुल 1597 स्कूलों में से 1519 में ईको क्लब गठित हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# एक्शन में खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गोदामों का औचक निरीक्षण जारी

- नोवामुंडी में एफसीआई और सरायकेला में जेएफसीआई गोदामो का लिया जायजा
- मंत्री ने पकड़ी कई गड़बडी

**खबर मन्त्र टीम**

**चाईबासा/ जमशेदपुर।** खाद्य आपूर्ति विभाग का पदभार संभालने के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता गरीबों के थाली तक अन्न पहुंचे इसके लिए लगातार गोदामों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसका परिणाम हैं कि चाहे मंत्रालय हो या पीडीएस दुकानदार सभी रेस हो गए हैं, लगातार अधिकारी भी अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर रहे हैं, स्टॉक रजिस्टर अपडेट किया जा रहा है।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने एफसीआई निर्देश दिया है कि यदि किसी ने भी अनाज चोरी करने या अनियमितता करने की कोशिश की तो कड़ी कार्यवाई की जाएगी किसी को बक्शा नहीं जायेगा, जरूरत पड़ने पर जेल भेजा जायेगा।



सरायकेला के गोदाम में औचक निरीक्षण करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

रांची, जमशेदपुर के बाद आज मंत्री बन्ना गुप्ता सरायकेला ब्लॉक के झारखंड स्टेट फूड कारपोरेशन के गौदाम में पहुंचे, जब गड़बड़ी पाई तो जमकर फटकार लगायी। उपस्थित अधिकारीयों की जमकर क्लास लगाई और भविष्य में गड़बड़ी नहीं करने की चेतावनी दी। उसके बाद पश्चिम सिंघभूम के झींकपानी और नोवामुंडी स्थित गोदामों का भी निरीक्षण किया, वहां भी गड़बड़ी पाई गई हैं जिसके बाद उन्होंने उच्च अधिकारीयों को दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाई करने का निर्देश दिया है।

## आरएसबी ग्लोबल की एक पहल
# कार्यक्रम ने सशक्तीकरण समारोह के साथ दूसरी वर्षगांठ मनायी



कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट महिलाएं।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आरएसबी ग्लोबल की 'एक पहल' कार्यक्रम द्वारा गौरवपूर्ण ढंग से अपनी दूसरी वर्षगांठ मनाई गई। यह अग्रणी पहल आरएसबी के चेयरमैन आरके बेहरा और वाइस चेयरमैन एसके बेहरा के विजन के साथ शुरू हुआ जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना था। बताया गया है ,एक पहल का उद्देश्य कंपनी और आस-पास के समुदाय में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर बतौर अतिथि पद्मश्री पुरस्कार विजेता चामी मुर्मू, प्रसिद्ध मुक्केबाज अरुणा मिश्रा और इस वर्ष की यूपीएससी परीक्षा में पूरे भारत में 17वीं रैंक हासिल करने वाली स्वाति शर्मा उपस्थित थी।

अतिथियों द्वारा अपने विचारों और उपलब्धियों से उपस्थित लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुश्री निर्मला बेहेरा के नेतृत्व में किया गया तथा इस पहल का समर्थन करने तथा सम्मान करने के लिए संगीता बेहेरा और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस कार्यक्रम में विभिन्न संयंत्रों की 200 से अधिक महिला कर्मचारियों ने भाग लिया, जिन्होंने आरएसबी परिवार के भीतर महिलाओं की एकता और शक्ति का प्रदर्शन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में ग्रुप की मानव संसाधन की कार्यकारी निदेशक निर्मला बेहेरा ने कहा कि आरएसबी ग्लोबल में हम एकता की ताकत और महिलाओं की शक्ति में विश्वास करते हैं। दो वर्षों की छोटी सी अवधि में हमारी 'एक पहल' कार्यक्रम ने हमारी महिला कर्मचारियों और आसपास के समुदाय को सशक्त बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

आज हमारे विशिष्ट अतिथियों की प्रेरक उपस्थिति एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, जहाँ हर महिला फल-फूल सके। कहा कि हम सशक्तिकरण और उत्कृष्टता की इस यात्रा को जारी रखने के लिए तत्पर हैं। इस कार्यक्रम में न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, बल्कि पूरे वर्ष आयोजित विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता सत्रों के माध्यम से सामूहिक पहलों पर भी प्रकाश डाला गया।

## मर्सी अस्पताल से आस्था ट्वीन सिटी तक जाम से मुक्ति हेतु प्राथमिक सर्वेक्षण

- आरसीडी के कार्यकारी अभियंता और एसडीओ के नेतृत्व में पूर्ण हुआ सर्वेक्षण कार्य
- विधायक सरयू राय ने आरसीडी सचिव से जाम के समाधान हेतु आग्रह किया था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय के आग्रह पर गुरुवार को आरसीडी (पथ निर्माण विभाग) के कार्यकारी अभियंता दीपक सहाय और एसडीओ श्री बम जी के नेतृत्व में मर्सी अस्पताल से आस्था ट्वीन सिटी तक जाम से मुक्ति हेतु प्राथमिक सर्वेक्षण किया गया। विधायक सरयू राय ने बताया कि उक्त एरिया में ट्रैफिक का लोड लगातार बढ़ता ही जा रहा है। लोगों को दिक्कत हो रही है। लोगों ने इस समस्या का समाधान खोजने के लिए मुझसे कहा था। सड़क संकरी है। वहां रोज घंटों लंबा जाम लगा रहता है। इसके दो ही विकल्प हैं। पहला विकल्प यह है कि घरों को तोड़ कर सड़क चौड़ी की जाए और दूसरा विकल्प यह है कि सिंगल पिलर का फ्लाईओवर बनाया जाए।



## पहली बारिश में ही पीसीसी पथ को लेकर अनियमितता उजागर, डीसी से शिकायत

बेरमो कार्यालय,

बेरमो /गोमिया - गोमिया प्रखण्ड के ब्लॉक रोड की सड़क अभी बने तीन महीने भी नहीं गुजरे हैं कि सड़क से गिट्टी बाहर निकल गई है। कई जगह छोटे छोटे गड्ढे भी हो गए। इसके अलावा स्टीमेट पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गोमिया विधायक ने उक्त सड़क का तामझाम के साथ शिलान्यास किया था, ताकि प्रखंड कार्यालय और कॉलोनी आने जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी लेकिन तीन महीने के बाद ही सड़क की हालत खराब होने लगी है। इस संबंध में गोमिया प्रखंड के उप प्रमुख मीना देवी ने बोकारो उपायुक्त से लिखित शिकायत की है और जांच की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि गोमिया ब्लॉक रोड के राजा राम होटल से प्रखण्ड कार्यालय होते हुए मुन लाईट चौक तक डीएमएफटी मद से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा लगभग 88 लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है, लेकिन अभी तीन महीने भी नहीं गुजरे हैं कि सड़क पर गिट्टी दिखने लगी है। कई जगह छोटे छोटे गड्ढे भी होने लगे हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए लिखा है कि कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा इस योजना का प्राक्कलन बिना स्थल निरीक्षण किए ही बना दिया।



**कार्यपालक अभियंता ने कहा**

इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता श्रवण कुमार ने कहा कि इसकी जांच की जाएगी यदि गड़बड़ी हुई है तो कारवाई भी होगी।

# 30 जुलाई से एकेकेओसीपी का होगा चक्का जाम : टीनू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** जनता मजदूर संघ सीसीएल जोन के जोनल सचिव ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह ने सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक को पत्र लिखकर एकेकेओसीपी (खासमहल) और कारो खुली खदानो मे भय के महौल होने, उच्चश्रेणी के कोयले का ग्रेड को लेकर ट्रांसपोटरो को फायदा पहुँचाने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाया है। श्री सिंह द्वारा हस्ताक्षरित पत्र मे सात सूत्री मांग दिया गया है और चेतावनी दी गई है कि यदि महाप्रबंधक ने उनके सात सूत्री मांगो को निराकरण का शीघ्र प्रयास नही किया गया तो 30 जुलाई से एकेकेओसीपी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जायेगा। पत्रकारो को जानकारी देते हुए बताया कि एरिया के सभी विभाग मे भष्टाचार चरम पर है। उच्च ग्रेड के कोयला को लो ग्रेड कर ट्रांसपोर्टर को फायदा पहुंचया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय क्वालिटी आफिसर उच्च श्रेणी के कोयला को लो श्रेणी कोयला दर्शाकर ट्रांसपोर्टर को फायदा पहुंचा रहे है।



टिन्नू सिंह।

## बंदरगाह घाट पर मिला गंगा में तैरता एक अज्ञात महिला का शव

**शव को देख उसकी उम्र 35 से 40 वर्ष बतायी जा रही है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे के आसपास बंदरगाह टर्मिनल जेटी के नीचे फंसा गंगा में एक अज्ञात महिला का शव देखा गया। जिसके बाद वही कार्यरत गार्ड द्वारा मुफस्सिल थाना को सूचना दी गई सूचना मिलते हैं मुफस्सिल थाना के एसआई बर्जेश कुमार अपने दल बल के साथ बंदरगाह गंगा घाट पहुंचा। जहां शव को नाविक की मदद से घाट के किनारे लाकर उसे बाहर निकाला गया। शव को देख उसकी उम्र 35 से 40 वर्ष बताया जा रहा है। शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। इस मामले में मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि अब तक शव की पहचान नहीं हो पाई है, इस संबंध में आसपास के थानों को सूचना भेज जानकारी करने का प्रयास करेंगे। वहीं जानकारों की माने तो शव को पोस्टमार्टम के लिए टीम गठित कर पोस्टमार्टम करायी जायेगी।

## कल्याण समिति ने जीतन साहनी को दी श्रद्धांजलि



**बोकारो।** निषाद कल्याण समिति बोकारो की सेक्टर 9 में संपन्न एक बैठक में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं विकासशील इंसान पार्टी सुप्रीमो मुकेश साहनी के पिताजी जीतन साहनी की बिहार के दरभंगा जिला अंतर्गत घनश्यामपुर स्थित सुपौल बाजार में हुई निर्मम हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की गई। कहा गया कि उक्त निर्मम हत्या से बोकारो के निषाद परिवार काफी मर्माहत व दुखी हैं। उक्त घटना को निंदनीय बताते हुए अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने स्व जीतन साहनी के लिए शोकसभा कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में भाजपा मत्स्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ललन कुमार निषाद योगेंद्र कुमार चौधरी बीरचंद किशोर चौधरी शंभू साहनी सुनील कुमार अजीत कुमार चौधरी प्रभुनाथ चौधरी संजय कुमार निषाद राजेंद्र चौधरी धर्मेंद्र कुमार चौधरी सुरेंद्र कुमार चौधरी अरुण कुमार चौधरी के नाम प्रमुख हैं।

# जो दूसरों की सेवा करता है, वही सबसे बड़ा : मोहन भागवत

## गांवों के समग्र विकास में एकजुट होने का आह्वान

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा गुरुवार को बिशुनपुर प्रखंड में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, पद्मश्री अशोक भगत, पद्मश्री चामी मुर्मू सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। आदिवासी परंपरा के अनुसार संघ प्रमुख का स्वागत किया गया। इस मौके पर मोहन भागवत ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। एक साथ सबका विकास और अपने पास से जो सेवा करते हैं वही बड़े होते हैं।





जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं तो वह कुछ नहीं है। आदिवासी जनजाति बहुत क्षेत्र का विकास समुचित नहीं हो सका है। लेकिन लगातार एकजुट होकर कार्य करने से निश्चित सफलता मिलती है। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है। एक दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहे। वहीं विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से संस्था लगातार लोगों के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। 10 करोड़ पेड़ लगाए गए हैं। सरकार की योजनाओं के लाभ जनता को मिले इस दिशा में भी कार्यकर्ता काम कर रहे हैं।

मोहन भागवत सहित अन्य अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर विकास भारती की बच्चियों के द्वारा अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विकास भारती के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, विकास भारती के कोषाध्यक्ष महेंद्र भगत, पद्मश्री चामी मुर्मू, सुधीर बृजिया, क्षेत्रीय सरसंघ चालक देवव्रत पहान, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व सांसद समीर उरांव, अजजा आयोग के सदस्य आशा लकड़ा, मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरूण उरांव, प्रवीण सिंह, रंजना चौधरी, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, सत्यनारायण प्रसाद, विनय कुमार लाल, भिखारी भगत सहित विकास भारती के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोकारो जनरल अस्पताल में सीटी कोरोनरी एंजियोग्राम की शुरूआत



**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल में पहला सीटी कोरोनरी एंजियोग्राम सफलतापूर्वक किया गया। इस एडवांस नॉन इन्वेसिव प्रोसीजर को अस्पताल में हाल ही में लगाए गए अत्याधुनिक 128 स्लाइस सीटी स्कैनर में चिकित्सकों की टीम ने किया। मौके पर उपस्थित अस्पताल के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय ने बताया कि सीटी कोरोनरी एंजियोग्राम एक ऐसी बिना चीर-फाड़ का प्रोसीजर है जिसके द्वारा हृदय में किसी प्रकार के ब्लॉकेज की जाँच की जा सकती है। साथ ही हृदय से जुड़ी धमनियों की भी बारीकी से जाँच की जा सकती है। बीजीएच के रेडियोलोजी विभाग की प्रमुख डॉ प्रियंका जैन ने बताया कि बीजीएच में आरम्भ की गई यह जाँच बोकारो में अपने आप में विशेष स्थान रखती है।





# श्रीलंका दौरे पर सूर्यकुमार होंगे टी20 के कप्तान



**टी20 टीम:**
सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की गुरुवार को घोषणा हो गई। सूर्यकुमार यादव को इस टीम का कप्तान बनाया गया है। इस दौरे पर दोनों सीरीज के लिए शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाया गया है।

### कुलदीप, चहल को नहीं मिल जगह, बुमराह को आराम

टी-20 वर्ल्ड कप की चैंपियन टीम के तीन खिलाड़ी विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा संन्यास ले चुके हैं। इनके अलावा बुमराह को भी इस सीरीज से आराम दिया गया है। वहीं, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को भी टी-20 टीम में जगह नहीं मिली है। चहल को वनडे टीम में भी जगह नहीं मिली है। वहीं, कुलदीप यादव वनडे टीम का हिस्सा होंगे।

### जिम्बाब्वे गई टीम के नौ खिलाड़ी टी-20 टीम में, लेकिन अभिषेक और ऋतुराज को जगह नहीं

शुभमन गिल की कप्तानी में जिम्बाब्वे को 4-1 से हराने वाली टीम के नौ खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर टी-20 टीम का हिस्सा होंगे। हालांकि, इस दौरे में शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ टीम में जगह नहीं बना सके हैं। अभिषेक और ऋतुराज के अलावा मुकेश कुमार, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, जीतेश शर्मा और साई सुदर्शन भी श्रीलंका दौरे के लिए टीम में जगह नहीं बना सके हैं।

### गिल को मिला इनाम

टीम इंडिया के मुख्य कोच का पदभार संभालने के बाद पहली बार गंभीर श्रीलंका दौरे पर जाएंगे। उनकी कोचिंग में भारत इस सीरीज को हर हाल में जीतना चाहेगी। इससे पहले टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से जीत दर्ज की थी। हालांकि, इस दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच की भूमिका अदा करते नजर आए थे। गिल के नेतृत्व में भारत ने यह सीरीज अपने नाम की थी। इसका उन्हें अब फल मिला है। गिल को टी20 और वनडे दोनों दौरों पर उप-कप्तान बनाया गया है।

## रोहित के नेतृत्व में वनडे सीरीज खेलेगा भारत, विराट कोहली भी रहेंगे मौजूद, हर्षित-रियान को मिला मौका

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए तैयार है। गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम की घोषणा कर दी। इस दौरे पर रोहित शर्मा भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। वहीं, विराट कोहली भी इस सीरीज का हिस्सा होंगे। हार्दिक पांड्या को वनडे सीरीज से आराम दिया गया है।



**वनडे टीम:**
रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

### दो अगस्त से शुरू होगी वनडे सीरीज

भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज दो अगस्त से होगा, जिसका दूसरा और तीसरा मुकाबला क्रमशः चार और सात अगस्त को खेला जाएगा। इससे पहले टीम इंडिया इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलती नजर आएगी।

### राहुल और अय्यर की वापसी

श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुने गए स्क्वॉड में केएल राहुल की वापसी हुई है। उन्हें आखिरी बार इस प्रारूप में दिसंबर, 2023 में खेलते देखा गया था। इस टीम में श्रेयस अय्यर को भी मौका मिला है। वह लंबे वक्त से टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे।

### रियान-हर्षित को मिला मौका

विजय हजारे ट्रॉफी में सात अर्धशतक लगाने वाले रियान पराग और दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा वनडे टीम में दो नए चेहरे हैं। पिछले महीने कैरेबियाई सरजमीं पर भारत की विश्व कप जीत के बाद रोहित और कोहली के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने वाले अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को वनडे टीम में जगह नहीं मिली। लंबे समय तक टीम की तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालने के बाद मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उम्मीद के मुताबिक आराम दिया गया।

### गिल को बनाया गया वनडे टीम का उप कप्तान

टीम इंडिया के मुख्य कोच का पदभार संभालने के बाद पहली बार गौतम गंभीर श्रीलंका दौरे पर जाएंगे। उनकी कोचिंग में भारत इस सीरीज को हर हाल में जीतना चाहेगी। गिल के नेतृत्व में भारत ने हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज जीती थी। इसका उन्हें अब फल मिला है। गिल को टी20 और वनडे दोनों दौरों पर उप-कप्तान बनाया गया है।

### टी20 सीरीज का पूरा कार्यक्रम

भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का 27 जुलाई से होगा। भारतीय टीम इस दौरे के लिए 20 तारीख के बाद रवाना हो सकती है। हालांकि, बीसीसीआइ की तरफ से अब तक इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। दूसरा 28 और तीसरा मुकाबला 30 जुलाई को खेला जाएगा

## 26वें बर्थडे पर किशन, शिरडी पहुंचकर साईं बाबा से लिया आशीर्वाद

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन गुरुवार को अपना 26वां बर्थडे मना रहे हैं। इस मौके पर ईशान भक्ति में डूबे हुए नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ खास फोटो शेयर की है, जिस पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी रिएक्ट किया है। घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करना और फ्रेंचाइजी क्रिकेट को प्राथमिकता देना पिछले साल ईशान किशन को महंगा पड़ गया था।




## झारखंड, बंगाल की महिलाओं और ओडिशा बिहार, मणिपुर के पुरुषों ने दर्ज की जीत

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक स्थित नेताजी सुभाष पूर्वी केंद्र में द्वितीय हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष एवं महिला पूर्वी क्षेत्र चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन मणिपुर हॉकी, हॉकी झारखंड और हॉकी बंगाल ने महिला वर्ग में जीत हासिल की, जबकि ओडिशा हॉकी संघ, हॉकी बिहार और मणिपुर हॉकी ने पुरुष वर्ग में जीत हासिल की। मणिपुर हॉकी ने महिला वर्ग में असम हॉकी को 12-0 से हराकर दिन की शुरूआत की। देवी मुतुम प्रिया (2, 4, 7, 26, 36, 59) ने मणिपुर हॉकी के लिए छह गोल किये वहीं रीना कोइजाम (20'), तनु शोरेंसंगबाम (32', 57'), चानू लीशांगथेम नटाली (42', 58') और देवी लैशराम रितु (51') ने भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दूसरे मैच में हॉकी झारखंड ने महिला वर्ग में हॉकी बिहार को 10-0 से हराया। रोशनी आइंद (6', 32') ने हॉकी झारखंड के लिए खाता खोला, इसके बाद मुंडू सुकरमणि (15', 23', 43'), कुमारी शांति (19', 35'), कप्तान रजनी केरकेट्टा (22', 59') और सलोमी नाग (28') ने गोल किए। हॉकी बंगाल ने महिला वर्ग के तीसरे मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पर 3-0 से जीत दर्ज की।

## शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान, फेस कर रेस कर के जरिये रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिये सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी।

# पाक पर अपना वर्चस्व कायम रखने उतरेगी भारतीय महिला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महिला एशिया कप की शुरूआत 19 जुलाई से होगी। अक्टूबर में होने टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से यह टूर्नामेंट काफी अहम माना जा रहा है। भारत अपने अभियान का आगाज पाकिस्तान के खिलाफ मैच से शुक्रवार को करेगा। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। भारत और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला शाम सात बजे से खेला जाएगा। स्मृति मंधाना को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर) जैसी स्टार महिला खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। वहीं, मुख्य टीम की 15 खिलाड़ियों के अलावा श्वेता सहरावत, साइका इशाक, तनुजा कंवर और मेघना सिंह को रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर शामिल किया गया है




### भारत-पाक का हेड-टु-हेड रिकॉर्ड

महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढ़ाने का होगा। इस महीने की शुरूआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था।

शानदार फॉर्म में चल रहीं मंधाना भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है।

### निदा दार की कप्तानी में खेलेगी पाकिस्तान की टीम

पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा दर को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किए गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रूबाब पदार्पण करेंगी।

## फीफा रैंकिंग : भारत 124वें स्थान पर बरकरार, अर्जेंटीना नंबर-1


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सफलता की कमी से जूझ रहे भारत ने गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वां स्थान बरकरार रखा, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। जून में जारी फीफा रैंकिंग में, कतर और अफगानिस्तान से हारने के बाद 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के कारण भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन स्थान नीचे खिसक गई। पिछले साल दिसंबर से भारत नीचे खिसक रहा है। पिछले साल वे 99 की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के साथ शीर्ष 100 में शामिल हुए थे, लेकिन तब से यह नीचे की ओर गिरता जा रहा है। एशिया में, भारत- लेबनान, फिलिस्तीन और वियतनाम जैसे देशों से पीछे 22वें स्थान पर रहा। कोपा अमेरिका का खिताब सफलतापूर्वक बचाने के बाद, अर्जेंटीना (पहला) ने तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।



यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद फ्रांस (दूसरा) उनका सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी बना हुआ है। नए यूरोपीय चैंपियन स्पेन (तीसरे, 5 अंक ऊपर) के पास रैंकिंग के शीर्ष तीन में खुद को शामिल करने के बाद जश्न मनाने का एक और कारण है, जबकि पराजित फाइनलिस्ट इंग्लैंड (चौथे, 1 अंक ऊपर) ब्राजील (5वें, 1 अंक नीचे) है। बेल्जियम (छठे, 3 अंक नीचे) अब खुद को शीर्ष 5 से बाहर पाता है, जबकि नीदरलैंड (7वें) और पुर्तगाल (8वें, 2 अंक नीचे) उनके ठीक पीछे हैं। कोलंबिया (9वें स्थान पर, 3 स्थान ऊपर) कोपा अमेरिका फाइनल में एल्बीसेलेस्टे से मिली मामूली हार के बावजूद शीर्ष 10 में वापसी से राहत मिल सकती है।

# बेसिक नियमों के साथ टेबल टेनिस का इतिहास, भारत पहली बार लेगा भाग



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय दल 16 खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 117 एथलीटों के साथ तैयार है। दल में पीवी सिंधु या नीरज चोपड़ा जैसे कुछ एथलीट शामिल हैं जो पहले ही ओलंपिक में पदक जीत चुके हैं। ऐसे खिलाड़ी और अधिक पदक जीतकर अपनी विरासत को जारी रखने की उम्मीद करेंगे, जबकि अन्य अपने-अपने खेलों में ओलंपिक पदक जीतकर अपने करियर में एक शानदार उपलब्धि जोड़ने की उम्मीद करेंगे। भारत इन खेलों में 6 पैडलर और दो यात्रा करने वाले रिजर्व खिलाड़ियों के साथ भाग लेगा। साथ ही, ओलंपिक के इतिहास में पहली बार, वे खेल के टीम इवेंट में भाग लेंगे।

## पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय पैडलर

### शरथ कमल




भारत के अनुभवी पैडलर अचंता शरथ कमल पेरिस खेलों में देश के ध्वजवाहक होंगे। उन्होंने चार संस्करणों में भाग लिया है और यह फ्रांस की राजधानी में ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने का उनका पांचवां मौका होगा। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी का इस साल जीत प्रतिशत 54 है, जो एक अच्छा संकेत है। इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सिंगापुर स्मैश में आया, जब उन्होंने टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, वे किसी भी टूर्नामेंट में शीर्ष चार में जगह नहीं बना पाए, जहां शीर्ष खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हैं और उनके लिए पदक जीतना असंभव है, लेकिन पैडलर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे ताकि पदक के साथ अपना संभवतः आखिरी ओलंपिक खेल सकें।

### हरमीत देसाई




विश्व रैंकिंग में 86वें स्थान पर काबिज हरमीत एक और पैडलर हैं, जो पुरुष एकल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हालांकि, इस साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और वे कई बार राउंड ऑफ 16 में पहुंचे हैं, लेकिन उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन डब्ल्यूटीटी फीडर वराजादिन में आया, जब वे क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे। चूंकि दुनिया के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी पेरिस में भाग लेने जा रहे हैं और हरमीत का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंटों में प्रदर्शन औसत रहा है, इसलिए राउंड ऑफ 16 में पहुंचना उनके लिए संतोषजनक होगा।

### मनिका बत्रा



सऊदी स्मैश में क्वार्टरफाइनल में पहुंचना मनिका के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, लेकिन विश्व में 28वें स्थान पर काबिज मनिका अन्य टूर्नामेंटों में काफी साधारण रही हैं। मनिका अपने तीसरे ओलंपिक में भाग लेंगी। उन्होंने 2016 में रियो में पदार्पण किया था, लेकिन प्रारंभिक दौर में ही बाहर हो गईं। हालांकि, उन्होंने 2016 के संस्करण में अच्छा प्रदर्शन किया और राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई और ऐसा करने वाली देश की पहली महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं, लेकिन मनिका के लिए आगामी संस्करण में 32 राउंड या प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना संभव है।

### श्रीजा अकुला



श्रीजा का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने न केवल रैंकिंग में अपनी हमवतन मनिका को पीछे छोड़ा, बल्कि इस साल कुछ सनसनीखेज प्रदर्शन भी किए हैं। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी का इस साल जीत प्रतिशत 66 रहा है और उन्होंने WTT फीडर बैरुत II, WTT फीडर कॉर्पस क्रिस्टी और WTT कंटेंडर लागोस भी जीते हैं। पैडलर ने इस साल कुछ प्रभावशाली प्रदर्शन किए हैं और उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। श्रीजा इस टूर्नामेंट में अंडरडॉग के तौर पर उतरेंगी, लेकिन इस साल उनके प्रदर्शन को देखते हुए अगर वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती हैं, तो वे कांस्य पदक के करीब पहुंच सकती हैं या कम से कम क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती हैं।

### भारतीय टेबल टेनिस टीम

भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने इतिहास रच दिया है, क्योंकि उन्होंने पहली बार टीम स्पधाओं में भारत को ओलंपिक में जगह दिलाई है। इस साल खेली गई टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष टीम को कोरियाई टीम ने 3-0 से हराया। महिला टीम को राउंड ऑफ 16 में चीनी ताइपे ने हराया। चीन और कोरिया जैसे एशियाई दिग्गजों के ओलंपिक में भाग लेने के कारण टीम के लिए पदक जीतना काफी मुश्किल होगा।

### बेसिक नियम

एकल मैच बेस्ट-ऑफ-सेवन फॉर्मेट में खेले जाते हैं, जिसमें 11 अंक पाने वाला पहला खिलाड़ी प्रत्येक सेट जीतता है। टीम इवेंट में चार एकल और एक युगल मैच शामिल होते हैं, जिनमें से प्रत्येक बेस्ट-ऑफ-फाइव फॉर्मेट में खेला जाता है। प्रत्येक टीम में तीन खिलाड़ी होते हैं।

### इतिहास में टेबल टेनिस में भारत का प्रदर्शन

भारत ने 1988 में टेबल टेनिस में भाग लेना शुरू किया था, जब इस खेल ने अपनी शुरूआत की थी। लेकिन, वे बड़े मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कमलेश मेहता 1988 और 1992 में अच्छे थे, लेकिन उनका प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं था कि वे ग्रुप स्टेज तक पहुंच सकें। 1988 में, उन्होंने 4 मैच जीते और 3 मैच हारे, जबकि चार साल बाद उन्होंने दो मैच जीते और एक हारे। उसके बाद भारत के लिए यह निराशाजनक दौर रहा, लेकिन टोक्यो में पिछले संस्करण में मनिका और शरत ने राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई। इस बार भी भारत के पदक जीतने की संभावना कम ही दिख रही है।

### टेबल टेनिस का इतिहास

टेबल टेनिस लॉन टेनिस से लिया गया है। उच्च वर्ग के अंग्रेज परिवार इसे खाने के बाद मनोरंजन के तौर पर खेलते थे, जिसमें उन्हें जो भी उपकरण मिल जाता था, वे खेल लेते थे। किताबें टेबल पर रखी जाती थीं, जो जाल की तरह काम आती थीं, जबकि सिगार के डिब्बों के ढक्कन का इस्तेमाल रैकेट की तरह किया जाता था। शैंपेन की बोतल के गोल कॉर्क का इस्तेमाल गेंद की तरह किया जाता था। उपकरण विकसित हुए और 1926 में लंदन और बर्लिन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उसी वर्ष लंदन में पहली विश्व चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। एशिया में बेहद लोकप्रिय यह खेल दुनिया भर में लगभग 40 मिलियन लोगों द्वारा खेला जाता है। 1988 के सियोल गेम्स में पहली बार इस खेल को ओलंपिक में शामिल किया गया था, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए एकल और युगल दोनों प्रतियोगिताएं शामिल थीं। युगल प्रतियोगिता को 2008 में टीम इवेंट से बदल दिया गया। 12 साल बाद, मिश्रित युगल को ओलंपिक में शामिल किया गया, जिससे इवेंट की संख्या 5 हो गई। इस खेल में चीनी खिलाड़ियों का दबदबा है, देश ने इस खेल में 60 टेबल टेनिस पदक जीते हैं।

# जीतन सहनी का हत्यारा लालू के परिवार का : सम्राट

एजेंसी

पटना। बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव या उनके परिवार को अपराध पर बोलने का हक ही नहीं है। लालू प्रसाद यादव तो मुख्यमंत्री कार्यालय में बैठकर संगठित अपराध का संचालन करते थे। इस समय बिहार में अपराध पर वह बोल रहे हैं या उनके परिवार के लोग बोल रहे हैं, लेकिन देखिए कि पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता का हत्यारा कौन निकला? हत्या करने वाला उनके ही परिवार का निकला। सम्राट चौधरी गुरुवार को बिहार भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति के दौरान भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।




विस्तृत कार्यसमिति की सभा में सम्राट चौधरी ने कहा-कुछ लोग बोलते हैं कि कानून का राज खत्म हो रहा है। अरे, उनको तो नैतिक अधिकार ही नहीं है। लालू जी या लालू जी के परिवार को बोलने का क्या अधिकार है? लालू जी तो वैसे नेता हैं, जो मुख्यमंत्री रहते हुए अपने मुख्यमंत्री कार्यालय से पूरे प्रदेश में ऑर्गेनाइज्ड क्राइम करने का काम करते थे। आज बिहार में किसी भी स्तर पर कोई क्राइम होता है तो उसको 24 घंटे से 48 घंटे में पुलिस साफ कर देती है। आज देखिए, दो-तीन पहले एक नेता के पिताजी की हत्या हुई। हत्यारा कौन था? समझ गए हत्या करने वाला कौन था? उनके परिवार का लोग ही निकला। राज्य में अपराधियों का सिस्टम चलाने वाला कौन है? उसका नाम सिर्फ और सिर्फ लालू प्रसाद है, दूसरा कोई नहीं हो सकता है। यह लालू जी बहुत चर्चा करते हैं बिहार के विकास की। पूछते हैं कि केंद्र की सरकार मदद क्या करती है? तो याद कीजिए जब राबड़ी देवी ने गांधी मैदान में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी से कहा कि हमारी सहायता कीजिए तो उसी समय 4000 करोड़ रुपये का सहयोग किया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि 2001 में 4000 करोड़ रुपये बिहार की सरकार को मिले, लेकिन 2005 तक एक रुपया खर्चा नहीं हुआ। वर्ष 2005 के बाद जब एनडीए में नीतीश कुमार और सुशील मोदी के नेतृत्व में बिहार की सरकार बनी, तब वह पैसा विशेष पैकेज के तौर पर खर्च किया गया। आज जो लालू प्रसाद विशेष पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा मांगते हैं, वह उस समय चुप रहते थे जब खुद केंद्र में रेल मंत्री थे। मुंह खोलते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम। वह भी तब, जबकि 2014 में नरेंद्र मोदी आए तो 125000 करोड़ का अतिरिक्त धन बिहार को दिया। आगे भी हमें पूर्ण भरोसा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का पूरा आशीर्वाद मिलेगा और बिहार में जो विकास की गति है, उसे दोगुनी कर सकेंगे।

### विनोद तावड़े के राहुल गांधी पर साधा निशाना

बिहार प्रभारी विनोद तावड़े एक मिनट तक लगातार ताली बजाने की बात से अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सीट पर बढ़त की है। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वह ऐसे आए जैसे उनकी सरकार बन रही है। भाजपा को कभी सौ सीट से नीचे नहीं आई और कांग्रेस कभी सौ से ऊपर नहीं गई। विपक्ष की 22 पार्टियां एक साथ आई लेकिन भाजपा को रोक नहीं पाई।

## खबर एक नजर में

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए जिला की 45 सदस्यीय टीम पटना रवाना




सहरसा। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए जिला की 45 सदस्यीय टीम गुरुवार को पटना रवाना हुई। टीम रवानगी के मौके पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने कहा की बहुत दोनों के बाद इस तरह की टीम तैयार हो पाई है। टीम को तैयार करने में जिला एकलव्य के कोच रोहित राज,मध्य विद्यालय केदली पट्टी,नवहट्टा में शारीरिक शिक्षा शिक्षक धर्मेंद्र नारायण सिंह रसार्जेंट का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। जिस तरह से बच्चों को प्रशिक्षित किया है। मैं उम्मीद करता हूं कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी कम से कम 10 मेडल जरूर लेंगे। जिला एथलेटिक्स टीम के पटना रवानगी के मौके पर नगर निगम के उपमेयर सह उपाध्यक्ष जिला एथलेटिक्स संघ उमर हयात गुड्डू ने कहा कि निश्चित रूपेण टीम के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारी तरफ से सभी खिलाड़ियों को शुभकामना है ।साथ ही हम उम्मीद करते हैं कि आप अधिक से अधिक मेडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना चयन सुनिश्चित करवाएंगे।

### तजिया पहलाम के दौरान संघर्ष में दो घायल

नवादा। नवादा जिले के अल्पसंख्यक मोहल्ले भदोनी में गुरुवार को ताजिया उठाने के दौरान अल्पसंख्यकों के दो गुटों के युवाओं में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें चिंताजनक हालत में पावापुरी मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि भारी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित कर ली गई है। समझा बूझकर तजिया उठा लिया गया है। जिले के रजौली में करतब दिखाने के दौरान एक युवक पूरी तरह झुलस गया, जिसे चिंताजनक हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई। रजौली के अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य कुमार पीयूष ने बताया कि रजौली नगर पंचायत क्षेत्र में मोहर्रम त्योहार को लेकर मुस्लिम समुदाय के द्वारा जुलूस निकाला गया था। इसी दौरान मुस्लिम समुदाय के युवकों के द्वारा लाठी और डण्डा सहित कई तरह के खेल दिखाए जा रहे थे। इसी दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के तकिया मुहल्ला निवासी शमीम शाह उर्फ बजडु के 17 वर्षीय पुत्र जीशान शाह आग का खेल खेलने लगा। खेल के दौरान आग की चपेट में आने से जीशान बुरी तरह जख्मी हो गया और जुलूस में चीख पुकार मच गया, जिसके बाद जुलूस में शामिल लोगों के द्वारा झुलसे युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## स्पीड न्यूज

### झंडा लगाने को लेकर दो समुदाय में हिसंक झड़प



वैशाली। मुहर्रम के अवसर पर दो समुदाय के बीच हुए हिंसक झड़प की सूचना मिलते ही गरौल थाने की पुलिस मौके से पहुंची और मामले को शांत किया है। भारी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। लोगों के आक्रोश को देखते हुए आसपास के कई थाने के पुलिस मौके से पहुंच चुकी है। महुआ एडीपीओ, एसडीपीओ घटनास्थल कैंप कर रही है। घटनास्थल को पूरे तरीके से पुलिस छावनी में तब्दील हो गई है। दोनों पक्षों में आक्रोश को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा 144 धारा लागू कर दी गई है। इस संबंध में गरौल थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि दो समुदाय के बीच झंडा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। मामले को शांत करवा दिया गया है। फिलहाल अभी मामला नियंत्रित है। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनात की गई है।

### करंट लगने से महिला की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में गुरूवार को बिजली का करंट लगने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पदमौल गांव निवासी रामजीत राय की पत्नी गौरी देवी (50) बकरी चराने खेत की तरफ गयी थी। इस दौरान पहले से टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

### इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन 20 जुलाई को

पटना। इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने बिहार में बढ़ते अपराध के विरोध में 20 जुलाई को राज्यव्यापी प्रदर्शन करने का एलान किया है। बिहार में इंडिया गठबंधन के घटक दल राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और विकासशील इंसान पार्टी की बुधवार को यहां राजद कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

# निमार्णाधीन मकान का हिस्सा गिरा, चार की मौत

## भड़की भीड़ का सरकारी डॉक्टर के आवास-क्लिनिक में उपद्रव

एजेंसी

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण के ढाका थाना क्षेत्र के लहन ढाका में गुरुवार को भीषण हादसे में मौके पर चार लोगों की मौत हो गई। यह सभी एक निमार्णाधीन मकान की शटरिंग खोलने के दौरान मलबा गिरने से दम घुटने पर मर गए। अस्पताल पहुंचाए जाने पर उन्हें तत्काल डॉक्टरी सहायता नहीं मिली और इन्हें वहां मृत घोषित करने की औपचारिकता ही हुई। इस घटना और उसके बाद अस्पताल में इलाज नहीं मिलने के कारण लोग हंगामा कर रहे हैं। उग्र भीड़ ने अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक के घर पर तोड़फोड़ की। गुस्साई भीड़ ने प्रभारी उपाधीक्षक के निजी नर्सिंग होम पहुंचकर भी तोड़फोड़ की।



**आक्रोशित लोगों ने ढाका-मोतिहारी रोड जाम कर दिया**

घटना से आक्रोशित लोगों ने ढाका-मोतिहारी रोड जाम कर दिया और जमकर बवाल करने लगे। उनका कहना हे कि ढाका अनुमंडलीय अस्पताल में एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं है। हमलोग घायल मजदूरों को लेकर यहां पहुंचे लेकिन डॉक्टर नहीं होने के कारण उनका ससमय इलाज नहीं हो पाया। इस कारण मजदूरों की मौत हो गई। लोगों ने कहा कि बिहार सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और फौरन इसका समाधान करे। साथ ही मरने वालों के परिजनों को उचित सहायता प्रदान करें।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ढाका बीडीओ, एसडीओ, एसडीपीओ और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। सभी अधिकारी लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया लेकिन लोगों ने उनकी एक न सुनी। जमकर उपद्रव मचाने लगे। लोगों ने अस्पातल परिसर में मौजूद गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं पुलिसकर्मियों पर पथराव करने लगे। इसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल भी हो गए। इसके बाद जिला पुलिस बल ने लोगों को खदेड़ दिया। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। वरीय अधिकारी के आदेश पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मरने वालों में तीन युवक की पहचान हो गई है। इनकी पहचान शिकारगज थाना क्षेत्र के छोटकी भलवहिया गांव निवासी देवेंद्र यादव, लहन ढाका गांव निवासी वसी अंसारी और हुसैन अंसारी के रूप में हुई।

## वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू


प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन करते।

मझिआंव। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों के कुल 104 वार्ड सदस्यों का 05वें फेज का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 18 जुलाई से शुरू हो गया है। प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम का बीडीओ सतीश भगत द्वारा दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया। इसके बाद मास्टर ट्रेनर द्वारा वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सुरु हुआ। इस सम्बंध में बीडीओ सतीश भगत ने बताया कि पहले बैच में पुरहे के 10, टड़हे के 12, रामपुर के 13, सोनपुरवा के 12 एवं बोदरा पंचायत के 09 वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण 18 जुलाई को पंचायत भवन करमडीह में तथा दूसरे बैच में प्रखंड कार्यालय के सभागार में तलसबरिया के 11, खरसोता के 12, मोरबे के 14 एवं करमडीह पंचायत के 11 वार्ड सदस्यों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दोनों स्थानों पर एक ही समय पर गुरुवार से तीन दिनों तक सुबह 10 बजे से प्रशिक्षण सुरु हो गया है जो 20 जुलाई तक चलेगा।

## सभी मनरेगा कर्मी सांकेतिक हड़ताल पर

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर 18 जुलाई से 20 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल के पश्चात 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत को संयुक्त रूप से मनरेगा कर्मी हस्ताक्षर कर आवेदन दिया है। जिसमें जेई अखिलेश कुमार तिवारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभारी अखिलेश कुमार, ग्राम रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार ठाकुर, सुरेश राम, प्रेम कुमार राम, अशोक कुमार शर्मा, सुधीर कुमार पांडेय, कंप्यूटर ऑपरेटर धीरेंद्र राम सहित अन्य कर्मियों का नाम शामिल है। उक्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि विषयांकित करना है कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ झारखंड प्रदेश के आह्वान पर सेवा अस्थायीकरण एवं वेतनमान तथा लंबित सभी मांगों की पूर्ति के लिए दिनांक 18 जुलाई से 20 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल के पश्चात दिनांक 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में मझिआंव प्रखंड अंतर्गत कार्यरत सभी मनरेगा कर्मी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक एवं कंप्यूटर सहायक तथा सभी ग्राम रोजगार सेवक हड़ताल पर रहेंगे। जिसके लिए अनुमति देने की कृपा प्रदान किया जाए। वहीं हड़ताल पर चले जाने के कारण प्रखंड कार्यालय के सभी मनरेगा कार्यालय में ताला लटका हुआ देखा गया। जिससे मनरेगा कार्य को लेकर प्रखंड क्षेत्र के दूर दराज से आए लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही मनरेगा कार्यों में काफी असर देखने को मिल रहा है।


प्रखंड सह अंचल कार्यालय।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर होगा तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के चंद्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा को लेकर तीन दिवसीय वृहद धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक नागेंद्र सिंह ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गायत्री परिजनों के द्वारा तीन दिवसीय वृहद धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे 19 जुलाई दिन शुक्रवार को सुबह 5:00 से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। उसके पश्चात 20 जुलाई दिन शनिवार को 12 घंटे का गायत्री महामंत्र का अखण्ड जाप करते हुए पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा। 21 जुलाई दिन रविवार को सुबह 8:00 से हवन एवम परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं गुरु माता भगवती शर्मा का विशेष पूजन व आरती किया जाएगा।


बैठक करते लोग।

उसके बाद इस धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित गायत्री परिजन एवं श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण के पश्चात भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सर्टिफिकेट का वितरण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने तमाम गायत्री परिजनों एवम श्रद्धालुओं को ससमय गायत्री शक्तिपीठ में पहुंचकर इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर पुण्य का भागी बनने का आह्वान किया है।

## नक्सली विंदेश्वरी पासवान गिरफ्तार

औरंगाबाद। बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में नक्सलियों की गिरफ्तारी लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने गुरूवार को एक लाख रुपए के ईनामी नक्सली विंदेश्वरी पासवान उर्फ दुबे जी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने यहां बताया कि जिले के गोह थाना क्षेत्र के पहड़पुरा गांव निवासी नक्सली विंदेश्वरी पासवान उर्फ दुबे जी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली कई कांडों में अभियुक्त है और इसके विरुद्ध विभिन्न थाना में कई मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली द्वारा रफीगंज स्थित एक ईंट भट्टे पर लेवी की मांग की गई थी तथा लेवी नहीं देने के कारण वहां जेसीबी को जला दिया गया था। इसके अतिरिक्त उक्त नक्सली अन्य सहयोगियों के साथ गोह, रफीगंज, बंदेया, टेकरी, कोच आदि थाना क्षेत्रों में सक्रिय रहकर ईट भट्ठा मालिक, पेट्रोल पंप मालिक तथा अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी देकर लेवी वसूली करता था। इसकी गिरफ्तारी के लिये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर कई बार नक्सली के घर पर छापेमारी की गई लेकिन वह हमेशा फरार हो जाता था।

## पेज एक का शेष

### फिर ट्रेन हादसा...

उन्होंने कहा कि करीब 40 सदस्यीय मेडिकल टीम और 15 एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं। घटना के सिलसिले में हेल्पलाइन नम्बर 8957400965 (लखनऊ), 8957409292 (गोंडा) और 05512209169 (गोरखपुर) जारी किये गये हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी असम और यूपी सरकार संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। यूपी के सीएम योगी ने रेल दुर्घटना ए मुख्य सचिव और डीजीपी से बात की है। साथ ही सीएम योगी ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश जारी कर दिये। सीएम के निर्देश के बाद आस-पास के जिलों के सभी अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी को अलर्ट मोड पर है।

### 20 तक एनटीए रिजल्ट...

पीठ ने कहा कि एजेंसी ने रिपोर्ट दी है कि 15 हजार छात्रों ने सुधार विंडो का उपयोग किया और विस्तृत जानकारी देते हुए पूछा कि, उन 15,000 में से कितने ने अपने केंद्र बदले? कितने दिनों के लिए विंडो उपलब्ध थी? पीठ ने परीक्षा प्रक्रिया पर इन सुधारों की सीमा और प्रभाव पर स्पष्टता मांगी। सुनवाई के दौरान, पीठ ने पाया कि भारत भर में 61 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिले, जिनमें से 44 छात्रों को उस एक प्रश्न का लाभ मिला, जिसके दो सही उत्तर थे। पीठ ने कहा, कदाचार देशव्यापी हो तभी दोबारा हो सकती है।

**शनिवार तक अपलोड करे परिणाम :** गुरुवार को सुनवाई के बाद न्यायालय ने एनटीए को शनिवार दोपहर तक अभ्यर्थियों के रोल नंबर सहित व्यक्तिगत जानकारी हटाने के बाद केंद्रवार परिणाम अपनी वेबसाइट पर जारी करने को कहा। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं से यह स्पष्ट करने को कहा कि लीक इतना व्यवस्थित था कि परीक्षा को पूरी तरह रद्द कर दिया जाना चाहिए तथा नए सिरे से आयोजित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि एनटीए किसी भी परीक्षार्थी का नाम सार्वजनिक न करें। कोर्ट ने कहा कि परिणाम शहर और केंद्र के हिसाब से अलग-अलग घोषित किये जाने चाहिए। वह अपनी वेबसाइट पर नीट-यूजी परीक्षा में छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को प्रकाशित करे और छात्रों की पहचान गुप्त रखे। 22 जुलाई को विवाद से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई फिर से शुरू करेगा।

**केंद्र के दूसरे सबसे बड़े विधि :** अधिकारी एसजी मेहता ने कहा कि वह पटना पुलिस द्वारा दाखिल रिपोर्ट के साथ-साथ बिहार पुलिस के ईओयू द्वारा दाखिल रिपोर्ट की प्रति भी रिकार्ड में रखेंगे। नीट प्रश्नपत्र लीक मामले का पटना पुलिस ने परीक्षा के दिन 5 मई को खुलासा किया था और शहर के शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में मामले को जांच के लिए बिहार पुलिस की ईओयू को स्थानांतरित कर दिया गया। 23 जून को केंद्र ने मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का फैसला किया।

### सीएम ने सुनी...

**रिम्स के विकास की जानकारी ली :** वहीं सीएम श्री सोरेन से गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार ने भेंट कर उन्हें रिम्स के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना से अवगत कराया। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल का कायाकल्प होनेवाला है। रिम्स को न सिर्फ नया ओपीडी मिलेगा, बल्कि रिम्स के डॉक्टरों, एमएस, अपर निदेशक और डीन के लिए नये आवासीय कैंपस भी बनाये जायेंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। सब ठीक रहा तो जल्द ही रिम्स नये लूक में देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्य योजना की बिंदुवार जानकारी लेते हुए विभागीय प्रधान सचिव को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये। विभाग की ओर से यहां न सिर्फ आवासीय कैंपस बल्कि एकेडमिक कैंपस भी डेलवप किये जायेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार उपस्थित थे।

### उपायुक्तों को शपथ ...

मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होगी। बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी पर पड़ रहे प्रभाव का हवाला देते हुए दानियल दानिश ने जनहित याचिका दायर की थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि अगर बांग्लादेशी घुसपैठिये आपकी जमीन पर रहकर सुविधा का लाभ उठा रहे हैं तो आपके उनकी पहचान कर बांग्लादेश वापस भेजना होगा। याचिका के मुताबिक संथाल के इन जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ हुआ है। यहां आने के बाद बांग्लादेशी यहां की आदिवासियों लड़कियों के साथ शादी कर लेते हैं। इससे डेमोग्राफी पर असर पड़ रहा है। याचिका के मुताबिक केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि बॉर्डर से घुसपैठ कैसे हो रहा है। दरअसल, इस मसले को मुख्य विपक्षी दल भाजपा जोर शोर से उठा रही है। भाजपा की दलील है कि घुसपैठ को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में संथाल में आदिवासी खोजना मुश्किल हो जाएगा।

# चाहे किसी भी धर्म में पैदा हों, दिल में इंसानियत जिंदा रखें : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। हजरत इमाम हसन-हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हसन- हुसैन और यजीद की सेना के बीच जंग हुई थी। जिसमें इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हसन-हुसैन ने अपनी जान की कुर्बान दी थी। इसलिए मुहर्रम महीने के 10वें दिन मुहर्रम को मनाया जाता है। उक्त बातें स्थानीय विधायक सह प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मुहर्रम इंतजामिया कमेटी गढ़वा जेनरल के द्वारा मुहर्रम के अवसर पर बीती रात कर्बला के मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में कही।


मंत्री को सम्मानित करते कमिटी के लोग।


सम्मानित किये गये विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु।

मंत्री ने कहा कि मुहर्रम इंसानियत के लिए डट कर और हैवानियत के खिलाफ डटे रहने को तैयार रहना सिखाता है। उस वक्त भी और आज भी यही बात है कि लोग खुद को भगवान और खुदा से बड़ा समझने लगते हैं। उस वक्त अगर इमाम हुसैन झुक जाते तो अपने वतन की हालात कुछ और होती। लेकिन उन्होंने झुका नहीं शहादत दी। मंत्री ने कहा कि आज हमारे एकता और भाईचारे को खंडित करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे लोगों को पहचानने की जरूरत है। गढ़वा के जैसा गंगा जमुनी तहजीब कहीं नहीं दिखता है। अपना जिला सहित राज्य और देश की आपसी एकता और समरसता को देख कर ही बाहरी ताकतें चाहती हैं कि एकता को कमजोर करें। अपने यहां के भी कुछ लोग उनसे मिले हुए हैं जो न तो हिंदू हैं और न मुसलमान हैं। आज इसी कर्बला के मैदान में जो भीड़ उमड़ी है उसे देख कर बताया नहीं जा सकता कि कौन हिन्दू और मुसलमान है। बस इसी खूबसूरती को कायम रखना है। मुहर्रम को मनाना और इबादत करने से केवल नहीं होगा बस अपने यहां की खूबसूरती कायम रहे इसकी कोशिश करनी है। हम आप किसी भी धर्म में पैदा हों लेकिन अपने दिल में इंसानियत जिंदा रहे कोशिश इसकी होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि याद कीजिए कि आपका अपना राज्य झारखंड और आपका जिला गढ़वा विकास के मामले में कहां था और आज कहां है। यह तब संभव हो पाया है जब आपका दिली सहयोग मिला। आपके सहयोग से हम और हमारी सरकार कुछ कर पा रही है। बस आगे भी इसी सहयोग को बनाए रखना है। ताकि जो मेरे और मुख्यमंत्री के दिल में चाहत है गढ़वा को विकास के मामले में अग्रणी बनाने की वो चाहत पूरी कर सकूं। श्री ठाकुर ने कहा कि मैं गढ़वा का विकास कर चुनावी वायदा नहीं बल्कि संकल्प पूरा कर रहा हूं। विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु ने कहा कि गढ़वा सभी धर्मां के आपसी एकता एवं भाईचारा का मिशाल है। मुहर्रम, ईद, बकरीद, होली, रामनवमी, दशहरा, क्रिसमस सभी पर्व त्यौहार को सभी धर्मां के लोग आपस में पूरी सद्भावना के साथ मिलजुल कर मनाते हैं। मौके पर मुहर्रम इंतजामिया कमिटी गढ़वा जेनरल के लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर एवं विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु को विशेश रूप से हिंदु-मुस्लिम समाज में एकता एवं समन्वय बनाये रखने के लिए सम्मानित किया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, सिराज खान, फैयाज खान, शाहबाज खान, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दुनिया मानती है भारत जल्द ही बनेगा महाशक्ति : प्रधानमंत्री

## 2030 तक देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत का रोजगार बाजार बढ़ रहा है और दुनिया भर के प्रमुख लोग इस बात की भविष्यवाणी कर रहे हैं कि भारत जल्द ही एक महाशक्ति बनेगा। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि वित्त वर्ष 2014-23 में देश में 12.5 करोड़ नौकरियां पैदा होने, ईपीएफओ ग्राहकों की संख्या दोगुनी होने और 2030 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, भारत का भविष्य उज्ज्वल दिखता है। इसके साथ ही एक पोस्टर भी पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट की है, जिसमें लिखा है कि द ग्रेट इंडियन जॉब

**69 प्रतिशत भारतीयों का मानना है, देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है : मोदी**

स्टोरी, इस पर प्रकाश डालते हुए, पीएम मोदी ने जो पोस्ट किया है, उसके अनुसार 69 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। जबकि, ऐसा मानने वाले दुनिया में लोगों का औसत 38 प्रतिशत है। यह घरेलू खपत के कारण हुआ है कि भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और ब्रिक्स और जी7 शिखर सम्मेलन जैसे मंचों पर उसका प्रभाव बढ़ा है। इसमें यह स्पष्ट तौर पर दर्शाया गया है कि वित्त वर्ष 2014-23 तक 12.5 करोड़



नौकरियां देश में सृजित हुईं यानी प्रति वर्ष औसतन 2 करोड़ नौकरियां भारत में पैदा हुईं। वहीं, श्रमिकों की आय में 56% वृद्धि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान हुई है। इसके साथ ही इसमें दिखाया गया है कि भारत का एआई बाजार 2027 तक 77 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसके साथ ही भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक की तरफ से एक आंकड़ा जारी किया गया था, जिसमें बताया गया था कि भारत में वित्त वर्ष 2014 से लेकर वित्त वर्ष 2023 के बीच 12.5 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जो कि वित्त वर्ष 2004 से वित्त वर्ष 2014 के मुकाबले 4.3 गुना ज्यादा है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि अगर कृषि से जुड़े रोजगार को अलग कर दिया जाए तो वित्त वर्ष 2014 से वित्त वर्ष 2023 के बीच मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में 8.9 करोड़ रोजगार पैदा हुए। वहीं, वित्त वर्ष 2004 से वित्त वर्ष 2014 के बीच 6.6 करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा हुए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एमएसएमई मंत्रालय के पास पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में रोजगार का आंकड़ा 20 करोड़ को पार कर गया है। एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर 4 जुलाई तक के आंकड़े के अनुसार, 4.68 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई में 20.20 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसमें से 2.3 करोड़ नौकरियां जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) से छूट वाले अनौपचारिक सूक्ष्म इकाइयों में मिल रही है। एमएसएमई में पिछले साल जुलाई के मुकाबले नौकरियों में 66 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किए जाने के कारण कंस्ट्रक्शन सेक्टर में रोजगार के अवसर में काफी इजाफा हुआ है।

## जीडीपी 7.0 % रहने का अनुमान: फिक्की

**नयी दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुये सरकार से आम बजट में कराधान सुधार, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किये जाने की अपील की है। जुलाई 2024 में किये गये सर्वेक्षण के आधार पर जारी फिक्की के आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए औसत वृद्धि दर 2024-25 के लिए 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई लगभग 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में सुधार दर्शाता है। सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीद के साथ अल नीनो प्रभाव में कमी आने से कृषि उत्पादन के लिए अच्छा संकेत मिलने की संभावना है। उद्योग और सेवा क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष में क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। इस सर्वेक्षण में उद्योग, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख अर्थशास्त्रियों से प्रतिक्रियाएँ ली गई थीं। प्रमुख मैक्रो-इकोनॉमिक चर के लिए पूर्वानुमान साझा करने का अनुरोध किया गया था। सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 2024-25 की पहली तिमाही और 2024-25 की दूसरी तिमाही में औसत जीडीपी वृद्धि क्रमशः 6.8 प्रतिशत और 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# शेयर बाजार ने भरी नयी उड़ान


## सेंसेक्स पहली बार 626 अंक छलांग लगाकर 81,343 पर पहुंचा और निफ्टी 24,800 पर बंद

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह के शेयरों में हुई जबरदस्त लिवाली ने गुरुवार शेयर बाजार को ऊंचाई के नये शिखर पर पहुंचा दिया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 626.91 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ पहली बार 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 81,343.46 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 187.85 अंक यानी 0.76 प्रतिशत मजबूत होकर 24,800.85 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। हालांकि कारोबार के दौरान दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली हुई, जिससे मिडकैप 0.99 प्रतिशत की गिरावट लेकर 47,351.90 अंक और स्मॉलकैप 1.15 प्रतिशत लुढ़ककर 53,675.92 अंक रह

**आइटी व टेक शेयरों ने बाजार को नये शिखर पर पहुंचाया**

गया। बीएसई में 4016 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1424 में लिवाली जबकि 2500 में बिकवाली हुई] वहीं 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियों में बढ़त जबकि 15 में गिरावट रही। विश्लेषकों के अनुसार, नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव वैश्विक स्तर पर बाजारों को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख कारक है। जनमत सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि अब डॉनल्ड ट्रम्प का राष्ट्रपति बनना अधिक संभावित है। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने का निहितार्थ अमेरिका में आयात पर उच्च टैरिफ है, विशेष रूप से चीन से। इसके अलावा, ट्रम्प कमजोर डॉलर के पक्ष में हैं। इससे निवेश धारणा मजबूत हुई और बीएसई के आईटी और टेक समेत आठ समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान आईटी 1.84, टेक 1.84, एफएमसीजी 0.86, वित्तीय



सेवाएं 0.21, हेल्थकेयर 0.05, दूरसंचार 0.63, ऑटो 0.35 और बैंकिंग समूह के शेयर 0.48 प्रतिशत चढ़ गए।

**इन कंपनियों की शेयरों में रही तेजी :** सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें टीसीएस 3.33, बजाज फिन सर्व 2.57, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.32, इंफोसिस 1.93, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.74, टेक महिंद्रा 1.60, एचसीएल टेक 1.54, एसबीआई 1.42, आईटीसी 0.99, कोटक बैंक 0.99, सन फार्मा 0.91, भारती एयरटेल 0.90, टाइटन 0.86, आईसीआईसीआई बैंक 0.77, रिलायंस 0.60, बजाज फाइनेंस 0.58, एलटी 0.47, टाटा मोटर्स 0.39, नेस्ले इंडिया 0.39, एक्सिस बैंक 0.36, इंडसइंड बैंक 0.31 और मारुति 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

**इन्हें हुआ नुकसान :** वहीं, एशियन पेंट 1.48, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.89, एनटीपीसी 0.71, अदाणी पोर्ट्स 0.52, टाटा स्टील 0.42, पावरग्रिड 0.42, एचडीएफसी बैंक 0.33 और अल्ट्रासिमको के शेयर 0.10 प्रतिशत नुकसान में रहे।

### डॉलर में गिरावट शुरू

डॉलर में पहले से ही गिरावट आनी शुरू हो गई है और डॉलर इंडेक्स अब 103.68 पर है। इसका मतलब है कि सोने की कीमतें बढ़ रही हैं। भारतीय शेयर बाजार के नजरिए से सकारात्मक बात यह है कि डॉलर के कमजोर पड़ने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह घरेलू बाजार में बढ़ेगा, जिससे बाजार में लचीलापन आएगा।

## सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण : वैष्णव

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है। विपक्ष जिस प्रकार के शब्दों का चयन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए कर रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। हिंसा और हत्या जैसे शब्दों के प्रयोग से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। गुरुवार को अश्विनी वैष्णव ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि गुरुवार को एक आईपीएस ऑफिसर ने अपने लेख में जिक्र किया है, उसका एक साइकोलॉजिकल इंपैक्ट होता है जो हिंसात्मक व्यवहार को बढ़ावा देता है। विपक्ष को इस प्रकार के शब्दों का चयन न करते हुए अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। उन्हें अपने शब्दों और व्यवहार में संजीदापन लाते हुए संयम बरतना चाहिए।



# रियल एस्टेट सेक्टर में पीइ निवेश 3 अरब डॉलर पहुंचा

एजेंसी

**मुंबई।** भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश 2024 की पहली छमाही में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 3 अरब डॉलर हो गया है, जो कि एक वर्ष पहले समान अवधि में 2.6 अरब डॉलर था। नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी-जून की अवधि में पीई द्वारा रियल एस्टेट सेक्टर में किए गए कुल निवेश का 52 प्रतिशत वेयरहाउसिंग में आया है। इसमें से रेजिडेंशियल में 29 प्रतिशत और ऑफिस में 20 प्रतिशत निवेश हुआ है। रेजिडेंशियल सेक्टर में पीई निवेश 2024 की पहली छमाही में 209 प्रतिशत बढ़कर 854 मिलियन हो गया है, जो कि एक वर्ष पहले 277 मिलियन था। मुंबई में पीई निवेश 2024 की पहली छमाही में बढ़कर 1.70 अरब डॉलर हो गया है, जो कि 2023 की पहली छमाही में 1.24 अरब डॉलर था। बेंगलुरु में करीब 20

**2024 की पहली छमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा प्राइवेट इक्विटी**



प्रतिशत पीई निवेश आया है, जो कि 581 मिलियन डॉलर था। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, शिशिर बैजल ने कहा कि भारत का कमर्शियल रियल एस्टेट मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। इसकी वजह लोगों का ऑफिस स्पेस की मांग और किराए में इजाफा होना है। रिपोर्ट में बताया कि भारत का रियल एस्टेट सेक्टर आने वाले वर्षों में अच्छा प्रदर्शन करेगा।

# छत्तीसगढ़ : बारूदी सुरंग में विस्फोट, दो जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे एसटीएफ के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर के तर्रेम थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। घटना में एसटीएफ के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे शहीद हो गए, जबकि चार अन्य जवान घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के दरभा डिवीजन, पश्चिम बस्तर डिवीजन और मिलिट्री कंपनी नंबर दो के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद 16 जुलाई को इन जिलों से एसटीएफ,

**बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम में नक्सलियों ने किया धमाका, चार जवान भी घायल**

डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिसकी चपेट में आकर एसटीएफ के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य जवान घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया और शहीद जवानों के शवों व घायल जवानों को घटनास्थल से बाहर निकाला गया। घायल जवानों के उपचार के इंतजाम भी किए गए।

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने चार दिन में घुसपैठ की दूसरी कोशिश को नाकाम करते हुए गुरुवार को दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि घुसपैठ की सूचना के बाद केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास अभियान शुरू किया गया था। सूत्रों ने बताया कि इलाके में घुसपैठ की खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। तलाशी अभियान के दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, जिनकी पहचान नहीं की जा सकी है। अभियान अभी जारी है तथा इलाके में कुछ और आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है।

# अखिलेश का मानसून पेशकश 100 लाओ और सरकार बनाओ

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा में राजनीतिक चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मानसून पेशकश है-100 लाओ और सरकार बनाओ। सपा अध्यक्ष ने गुरुवार को एक्स पर किए गए पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया लेकिन राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि अगर भाजपा में कोई भी नेता 100 विधायकों का समर्थन जुटा लेता है तो सपा मुख्यमंत्री पद के लिए उसे समर्थन दे सकती है। अखिलेश के इस पोस्ट को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से जोड़कर देखा जा रहा है। केशव प्रसाद मौर्य ने भी बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर एक्स के जरिये तंज करते हुए उन्हें सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। मौर्य ने यह भी कहा था कि उत्तर प्रदेश

**▸▸ भाजपा में कोई भी नेता 100 विधायकों का समर्थन जुटा लेता है तो उसे मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थन दे सकती है**



और केंद्र दोनों ही जगह मजबूत सरकार है तथा 2017 की तरह 2027 में भी हम प्रदेश में सरकार बनाएंगे। मौर्य ने सपा के पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) फामूर्ले को धोखा करार दिया था।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# टॉप 9 आइआइटी में कंप्यूटर सांइस पहली पसंद

## जोसा काउंसलिंग से एडमिशन का 5वां राउंड समाप्त

एजेंसी

**कोटा।** देश के आईआईटी-एनआईटी एवं त्रिपल आईटी संस्थानों में प्रवेश के लिये जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया का पांचवा राउंड पूरा हो गया है। चयनित अभ्यर्थी अब आवंटित संस्थानों में ऑनलाइन रिपोर्टिंग कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। इस वर्ष भी विद्यार्थियों में कम्प्यूटर साइंस ब्रांच पहली पसंद रही। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के काउसंलर अमित आहूजा ने बताया कि 23 आइआइटी संस्थानों की कुल 17 हजार 760 सीटों के लिए जोसा की संयुक्त काउंसलिंग के पांच राउंड समाप्त हो चुके हैं। इस वर्ष टॉप 9 आईआईटी में कम्प्यूटर साइंस ब्रांच की क्लोजिंग एआईआर-1071 रही। आईआईटी बॉम्बे की सभी सीटें टॉप-68 रैंक तक प्रवेश द्वारा भर दी गई हैं। आईआईटी दिल्ली में इस ब्रांच में टॉप 116 रैंक तक प्रवेश मिला। आईआईटी मद्रास में टॉप-159, आईआईटी कानपुर में 252, आईआईटी खडगपुर में 415 तथा आईआईटी रूडकी में 481, आईआईटी गुवाहाटी में 623, आईआईटी हैदराबाद में 656 एवं आईआईटी बीएचयू वाराणसी में सीएस ब्रांच में टॉप 1071 रैंक तक सीट मिली है। सभी 23 आईआईटी में कम्प्यूटर साइंस ब्रांच में प्रवेश स्थिति देखें तो ओपन से जेंडर न्यूट्रल पूल तक 6516 रैंक पर अंतिम प्रवेश मिल सका।

**आइआइटी बॉम्बे की सभी सीटें टॉप-68 रैंक तक भरी गयी**
**एनआइटी एवं त्रिपल आइटी फीस 24 से 26 जुलाई तक होगी जमा**

विशेषज्ञों के अनुसार, कॉर्पोरेट




सेक्टर में कुछ वर्षों से ग्लोबल आईटी कंपनियां उंचे सैलेरी पैकेज पर जॉब ऑफर दे रही है। उसे देखते हुये रेंकर्स स्टूडेंट्स कम्प्यूटर साइंस ब्रांच को प्रहली प्राथमिकता दे रहे हैं। इस ब्रांच में स्टूडेंट्स मास्टर्स डिग्री के लिए विदेश की टॉप यूनिवर्सिटी को चुन रहे हैं। स्टूडेंट्स कम्प्यूटर साइंस ब्रांच के साथ डेटा साइंस, एआई, मशीन लर्निंग, वेब डवलपर, सॉफ्टवेयर टेस्टिंग, डाटाबेस एनालिस्ट, बिजनस एनालिस्ट, सिस्टम डिजाइनर एवं नेटवर्किंग इंजीनियर आदि क्षेत्रों में अपना कॅरियर बना रहे हैं। सीट आवंटित होने के बाद विद्यार्थियों को एनआईटी, ट्रिपल आइटी एवं जीएफटीआई में 24 से 26 जुलाई तक आंशिक प्रवेश फीस जमा करना है। अन्यथा उनकी आवंटित एनआईटी की सीट निरस्त कर दी जाएगी। यह आंशिक प्रवेश फीस सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के लिए 45 हजार रुपए एवं एससी-एसटी के लिए 20 हजार रुपये है।


दैनिक खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

अमर कुमार बाउरी
नेता प्रतिपक्ष
झारखंड विधानसभा
रांची




## स्पीड न्यूज

### पंजाब में चार चीनी पिस्तौल व पाक निर्मित 50 गोलियां बरामद

**जालंधर।** बीएसएफ ने गुरुवार को पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट चार चीनी पिस्तौल और पाकिस्तान में निर्मित 50 गोलियां बरामद कीं। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि पीले रंग के एक पैकेट से चार पिस्तौल, उनकी खाली मैगजीन और 50 गोलियां बरामद की गईं। प्रवक्ता के अनुसार, संदेह है कि गोला-बारूद ड्रोन से इस क्षेत्र में फेंका गया और गोलियों पर पीओएफ (पाकिस्तान आयुध फैक्टरीज) लिखा है। उन्होंने कहा कि सीमा पर बीएसएफ द्वारा की गई यह उल्लेखनीय बरामदगी भारत में सक्रिय आतंकी नेटवर्क के पाकिस्तान स्थित आकाओं के नापाक मंसूबों को नष्ट करने के लिए बीएसएफ सैनिकों की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना : कौशल



**लखनऊ।** उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक,मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अगली फिल्म बैड न्यूज के प्रमोशन के लिए नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे बैड न्यूज काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है।

### अमेरिका के राष्ट्रपति कोरोना संक्रमित

वाशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार को कोराना संक्रमित हो गए। उनका कोविड-19 टेस्ट पॉजीटिव पाया गया है। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा कि लास वेगास में अपने पहले कार्यक्रम के बाद बाइडेन ने कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण किया। उन्हें टीका लगाया गया और बूस्टर भी दिया गया है और उन्हें हल्के लक्षण महसूस हो रहे हैं।

### लव जिहाद के मामले में युवक गिरफ्तार

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में लव जिहाद के एक मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह किशोरी को भगाने की कोशिश कर रहा था। गैर समुदाय के युवक पर आरोप है कि वह किशोरी का धर्म परिवर्तन कराकर शादी करने के लिए ले जा रहा था,इसी दौरान परिजन मौके पर पहुंच गए और उसको पकड़ लिया। परिजनों की शिकायत पर बिलसंडा थाना पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एजेंसियां ड्रग्स नेटवर्क का भांडाफोड़ करने पर जोर दें : गृह मंत्री

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि सभी एजेंसियों का उद्देश्य ड्रग्स के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क का भांडाफोड़ करना होना चाहिए। केवल नशा करने वालों को पकड़ने से काम नहीं चलेगा। नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नशे का पूरा कारोबार अब नार्को-आतंकवाद से जुड़ गया है और नशे के कारोबार से आने वाला पैसा देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। हमारा अप्रोच होना चाहिए कि हम एक ग्राम भी ड्रग्स भारत में नहीं आने देंगे।